Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 353 | शुक्रवार, 26 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## गुजरात के कच्छ में लगे भूकंप के झटके, दहशत में घरों से बाहर निकले लोग

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले में आज, शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ठउर) के आंकड़ों के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई। रिपोर्ट के अनुसार भूकंप करीब शुक्रवार सुबह 04:30:02 बजे आया। भूकंप का केंद्र कच्छ जिले में अक्षांश 23.65त्ठ और देशांतर 70.23तए पर स्थित था। जमीन के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई पर भूकंप का केंद्र दर्ज किया गया।

अधिकारियों और प्रारंभिक खबरों के अनुसार, इस भूकंप के कारण अभी तक किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान या संपत्ति के क्षतिग्रस्त होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, सुबह के वक्त आए इन झटकों के कारण क्षेत्र के कुछ हिस्सों में लोगों में दहशत फैल गई और कई निवासी एहतियात के तौर पर अपने घरों से बाहर निकल आए। कच्छ जिला 'अत्यधिक उच्च जोखिम' वाले भूकंपीय क्षेत्र में आता है, जहां अक्सर हल्की तीव्रता के भूकंप दर्ज किए जाते हैं। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## कनाडा में भारतीय की हत्या, टोरंटो में 20 वर्षीय शिवांक गोलीबारी का शिकार

**नई दिल्ली।** शिवांक अवस्थी टोरंटो स्कारबोरो विश्वविद्यालय की चीयरलीडिंग टीम के सदस्य भी थे, जिसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उन्हें श्रद्धांजलि दी। टीम ने कहा, 'हम अपने प्रिय शिवांक अवस्थी के अचानक निधन से बेहद दुखी और स्तब्ध हैं।' कनाडा के टोरंटो में हुई गोलीबारी में एक भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की मौत हो गई। टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास हुई गोलीबारी में 20 वर्षीय भारतीय डॉक्टरेट छात्र शिवांक अवस्थी की हत्या पर दुख जताया। दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास हुई एक घातक गोलीबारी की घटना में युवा भारतीय डॉक्टरेट छात्र शिवांक अवस्थी की दुखद मृत्यु पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं।' भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा, 'इस मुश्किल वक्त में दूतावास शोक संतप्त परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सभी जरूरी सहायता दे रहा है।'

### 6 माओवादियों के खात्मे के पर बोले अमित शाह

# नक्सलवाद से मुक्ति की दहलीज पर खड़ा है ओडिशा

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा में छह नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस अभियान के बाद ओडिशा को नक्सल-मुक्त भारत के लक्ष्य की दहलीज पर खड़ा माना जा रहा है, और सरकार ने 2026 तक देश से वामपंथी उग्रवाद के पूर्ण उन्मूलन का संकल्प दोहराया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि ओडिशा के कंधमाल जिले में एक बड़े अभियान में छह नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पर एक पोस्ट में इस घटनाक्रम को उजागर करते हुए शाह ने कहा कि यह अभियान वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता है और ओडिशा को नक्सलवाद से पूर्ण रूप से मुक्त होने के करीब लाता है। शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि। ओडिशा के कंधमाल में एक बड़े अभियान में केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके सहित छह नक्सलियों को मार गिराया गया है। शाह ने आगे कहा कि इस सफलता के साथ, ओडिशा नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की दहलीज पर खड़ा है। केंद्र के संकल्प को दोहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। शाह ने कहा, ₹हम 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।₹ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केंद्रीय समिति सदस्य गणेश उइके समेत छह नक्सलियों के मारे जाने को ओडिशा को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करने की दिशा में एक और बड़ी सफलता बताया। उइके, जिस पर 1.1 करोड़ रुपये का इनाम था और जो ओडिशा में प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था, बुधवार रात से शुरू होकर गुरुवार सुबह तक चले सुरक्षा बलों के अभियान में कंधमाल जिले में मारा गया।



## कैंसिल चल रही 8 ट्रेनों का आज से होगा संचालन




**गाजियाबाद।**

रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण के चलते रद चल रही आठ ट्रेनों को शुक्रवार से संचालित किया जाएगा। लोकल ट्रेनों के संचालन से हजारों नौकरी पेशा और छात्र-छात्राओं को फायदा मिलेगा। पुनर्निर्माण के चलते अलग-अलग तिथि पर 16 ट्रेनों को रद किया गया था। इनमें ज्यादातर ट्रेनें दिल्ली से गाजियाबाद के बीच चलने वाली हैं।

इससे हजारों यात्रियों की परेशानी बढ़ गई थी। वहीं कुछ ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर चार के स्थान पर पांच पर रोकी जा रही हैं। ज्यादातर ट्रेनों को 16 दिसंबर को संचालित कर दिया गया था। अब आठ ट्रेनों का संचालन शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। गाजियाबाद स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्री लोकल ट्रेनों में यात्रा करने के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है।

रेलवे लाइन के पास निर्माण कार्य चलने की वजह से ट्रेनों को रद करने और प्लेटफार्म नंबर बदलने का निर्णय लिया गया था।

## दिल्ली में गरीबों को 5 रुपये में पौष्टिक और भरपेट खाना मिलेगा

**नई दिल्ली।**



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 45 'अटल कैंटीन' का किया उद्घाटन**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी में 'अटल कैंटीन' का उद्घाटन किया। दिल्ली भर में फैली इन कैंटीनों का मकसद गरीबों को सब्सिडी वाला खाना देना है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी में 'अटल कैंटीन' का उद्घाटन किया। दिल्ली भर में फैली इन कैंटीनों का मकसद गरीबों को सब्सिडी वाला खाना देना है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए गुप्ता ने कहा कि सरकार के चुनावी वादे के तहत 45 अटल कैंटीन का उद्घाटन किया जा रहा है, जबकि बाकी 55 पर काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। दिल्ली में अटल कैंटीन में मात्र पांच रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी के श्रमिकों, गरीबों और अन्य जरूरतमंद लोगों को किफायती दरों में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के संचालन और प्रबंधन के लिए 104.24 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

## बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी सुरक्षा

**कोलकाता।**



पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांत परिस्थिति के बीच घने कोहरे ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा की चुनौती बढ़ा दी है। इस परिस्थिति में बंगाल के कूचबिहार जिले में 549 किलोमीटर लंबी सीमा पर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। बीएसएफ ने पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी किया है। पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और नाइट विजन कैमरे तथा वॉच टावरों से निगरानी कड़ी कर दी गई है। मेखलीगंज और चेंगड़ाबांधा जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठिए और तस्कर कोहरे का लाभ उठा सकते हैं। कई जगहों पर कांटेदार तार की बाड़ अभी पूरी नहीं हुई है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि सर्दी में कोहरे का फायदा उठाकर मवेशी तस्करी और अवैध घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं। इसी कारण सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। इमीग्रेशन चेकपोस्ट और तीनबिघा कॉरिडोर पर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पासपोर्ट धारक यात्रियों का आवागमन यहां से होता है, जबकि तीनबीघा कारिडोर बांग्लादेशी एनक्लेव के लिए महत्वपूर्ण है। उत्तर बंगाल फ्रंटियर के अधिकारियों ने बताया कि जवानों की संख्या बढ़ाई गई है और खुफिया नेटवर्क सक्रिय है। ऐसे सीमा पर सुरक्षा हमेशा सख्त रहती है। कोहरे जैसी प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद हम कोई कमी नहीं रख रहे। ड्रोन, नाइट विजन डिवाइस और अतिरिक्त पेट्रोलिंग से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। मालदा संवाददाता के अनुसार, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में मालदा में बांग्लादेशियों के लिए होटलों के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। मालदा होटल ऑनर्स एसोसिएशन ने इस आशय का निर्देश जारी कर दिया है। अब तक मेडिकल वीजा या छात्र वीजा लेकर आने वाले बांग्लादेशियों को यहां के होटलों में जगह दी जाती थी, लेकिन वर्तमान स्थिति में इसे पूरी तरह बंद किया जा रहा है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा जारी, दीपू चंद्र दास के बाद एक और की पीट-पीटकर हत्या, कानून-व्यवस्था पर सवाल

**वेलकम इंडिया**




बांग्लादेश के राजबारी जिले में 29 वर्षीय हिंदू युवक अमृत मंडल उर्फ सम्राट की भीड़ ने रंगदारी के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना दीपू चंद्र दास की हत्या के कुछ ही दिनों बाद हुई, जिसने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है, और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। बांग्लादेश में भीड़ हिंसा की एक और घटना सामने आई है, जिसमें राजबारी जिले में बुधवार देर रात एक 29 वर्षीय हिंदू युवक को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत मंडल उर्फ ? ?सम्राट के रूप में हुई है। उस पर रात करीब 11 बजे पांग्शा उपजिला के होसैंडांगा पुराने बाजार में हमला किया गया और हमले के तुरंत बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की पुष्टि करते हुए पांग्शा मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी शेख मोइनुल इस्लाम ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने अमृत मंडल पर जबरन वसूली का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामला भीड़ हिंसा में बदल गया। पुलिस ने बताया कि उनके रिकॉर्ड में अमृत मंडल को ₹सम्राट वाहिनीर नामक एक स्थानीय समूह के नेता के रूप में दर्ज किया गया था। वह होसैंडांगा गांव के निवासी अक्षय मंडल का पुत्र था। पुलिस ने बताया कि हमले में शामिल लोगों की पहचान करने और हत्या की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया है।

### अमित शाह करेंगे उद्घाटन

## आतंकवाद के उभरते खतरों से निपटने के लिए आज से शुरू होगा सम्मेलन

**नई दिल्ली।**



पहलगाम और दिल्ली में आतंकी हमलों से सबक लेते हुए आतंकवाद के उभरते खतरों से निपटने के लिए अगली पीढ़ी की तैयारियों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हो रहा है। गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

एनआइए द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में आतंकवाद रोधी गतिविधियों में लगी एजेंसियों के अधिकारियों के साथ-साथ तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञ भी हिस्सा लेंगे। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य आतंकवाद के खतरे के खिलाफ पूरी सरकार के एकजुट प्रयास के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इस दौरान समन्वित कार्रवाई के लिए सभी एजेंसियों के बीच तालमेल विकसित के साथ-साथ भविष्य की नीति निर्माण की रूपरेखा को तैयार किया जाएगा। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अनुभवों और अच्छी प्रथाओं के साथ आतंकी घटनाओं की जांच से मिली सीख को साझा किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए की जाने वाली कार्रवाई का आयाम काफी व्यापक है। जिसमें विदेश से साक्ष्य एकत्र करना, आतंकवाद विरोधी जांच में डिजिटल फोरेंसिक और डेटा विश्लेषण, मुकदमे का प्रभावी प्रबंधन, कट्टरता से निपटना, जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उभरते हाईब्रिड खतरों सहित बहुत सारे मुद्दे हैं।

**कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अनुभवों और अच्छी प्रथाओं के साथ आतंकी घटनाओं की जांच से मिली सीख को साझा किया जाएगा।**

### सरकार खत्म करेगी आत्मसमर्पण नीति

## माओवादी हिंसकों के पास 31 जनवरी तक ही समर्पण का विकल्प



**रायपुर।** माओवादी हिंसा उन्मूलन के लिए नए साल में सरकार और कड़ा रुख अपनाने जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने जनवरी, फरवरी और मार्च के लिए रणनीति तय की है। इसके तहत माओवादियों को 31 जनवरी 2026 तक ही समर्पण का विकल्प मिलेगा और वे पुनर्वास योजना का लाभ ले सकेंगे। समर्पित मओवादियों को आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत नकद प्रोत्साहन, प्रशिक्षण, नौकरी व स्वरोजगार के लिए सब्सिडी और आवास की सुविधा दी जा रही है। सुरक्षा तंत्र से जुड़े राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फरवरी से माओवादियों के लिए चल रही आत्मसमर्पण की नीति समाप्त कर दी जाएगी। इसके बाद सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के ठिकानों में घुसकर उन्हें चारों ओर से घेरने और निर्णायक कार्रवाई करने की रणनीति पर अमल किया जाएगा। बीजापुर जिले की करेगुट्टा पहाड़ी पर जिस तरह सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों के सबसे सुरक्षित गढ़ को ध्वस्त किया था, ठीक उसी तरह अन्य ठिकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए राज्य से लगे पड़ोसी राज्यों से सुरक्षा बलों की मदद ली जाएगी। जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी बस्तर में उतारा जा सकता है। इस व्यापक अभियान को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहमति बन चुकी है। बता दें कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश को माओवादी हिंसा से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है।

## संपादक की कलम से

# अंतरिक्ष में भारत का बाहुबली

इस बार भारत ने अंतरिक्ष में बाहुबली छलांग लगाई है। भारत ने सबसे अधिक वजन वाला, वाणिज्यिक उपग्रह, भेजने का भी कीर्तिमान स्थापित किया है। जिस अमरीकी ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने का इतिहास भारत ने रचा है, उससे संचार की दुनिया का चेहरा ही बदल जाएगा। सतीश धवन स्पेस सेंटर से एलवीएम–3 के रॉकेट के जरिए भारत ने 6100 किग्रा. का उपग्रह पृथ्वी की



ललित शर्मा
संपादक

निचली कक्षा तक भेजकर कीर्तिमान का एक और मील पत्थर स्थापित किया है। इससे पहले यह कीर्तिमान 4400 किग्रा. के सीएमएस–03 संचार उपग्रह के नाम था, जो 2 नवंबर को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड ने अमरीकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के साथ करार किया था। लॉन्चिंग के 15 मिनट बाद ही यह उपग्रह रॉकेट से अलग हो गया और करीब 600 किमी. दूर पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित हो गया। प्रक्षेपण और उड़ान में मात्र 90 सेकंड की देरी इसलिए हुई, क्योंकि उपग्रह के उड़ान–पथ पर मलबा होने अथवा अन्य उपग्रहों के साथ टकराव की संभावनाएं थीं। इस बाहुबली उपग्रह से संचार और मोबाइल की दुनिया इस कदर बदल जाएगी कि दुनिया में कहीं भी, पहाड़ों के बीच भी, 4 जी और 5जी सुविधा वाले मोबाइल से वॉयस और वीडियो कॉल, संदेश, स्क्रीमिंग, डाटा सेवाएं सहज और सुलभ हो जाएंगी। अब नेटवर्क की कोई भी चिंता नहीं होगी। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष से सीधे धरती पर कॉल की जा सकेंगी। संदेश भेजना संभव होगा। वीडियो कॉल के जरिए हम सब, एक–दूसरे के, रूबरू होंगे। क्या भारत ने इतनी विराट, अंतरिक्षी सफलता की कल्पना तक की थी? आर्यभट्ट से लेकर ब्लूबर्ड तक भारत ने एक बहुत लंबा और पेचीदा सफरनामा तय किया है। गौरतलब यह है कि पहली बार इसरो ने 52 दिनों की तैयारी में इस उपग्रह को लॉन्च किया है, जो एलएमवी–3 जैसे बाहुबली के लिए बहुत कम समय है। इस रॉकेट में पहली बार एस 200 बूस्टर को नियंत्रित करने के लिए नए कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। यही सिस्टम गगनयान मिशन में भी इस्तेमाल होना है, लिहाजा एक तरह से उसकी सफल टेस्टिंग हो गई। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के सफल लक्ष्यों की कहानी भी सामने आई है, क्योंकि 2026 में हर माह एक लॉन्चिंग होगी। उसमें सबसे खास मिशन गगनयान है। कुछ स्टार्टअप के ऑर्बिटल लॉन्च भी होने हैं। 2040 तक चंद्रमा पर मानव को उतारने का लक्ष्य तय किया गया है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में 8–10 विश्व कीर्तिमान रचने की भी योजना है। आज यह याद करने का भी दिन है कि 2014 में इसरो ने मंगलयान के साथ पहली कोशिश की थी और भारत प्रथम प्रयास में ही मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला सर्वप्रथम देश बन गया था। 2017 में पीएसएलवी–सी 37 के साथ भारत ने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण कर भी इतिहास रचा था। 2023 सबसे महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ, जब हमारा चंद्रयान–3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर सका। वहां हमने तिरंगा स्थापित किया। ब्लूबर्ड–2 के प्रक्षेपण और पृथ्वी की कक्षा में सफल स्थापना ने भी भारत की इन उपलब्धियों को एक और सेहरा पहनाया है। जो उपग्रह भेजा गया है, वह दुनिया भर में स्मार्टफोन को सीधे हाई स्पीड सेलुलर ब्रॉडबैंड प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। उपग्रह में 223 वर्ग मीटर का विशाल, एक खास किस्म का, एंटीना लगा है, जो अब तक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित होने वाला सबसे बड़ा वाणिज्यिक, संचार उपग्रह बनाता है।

# स्कूल के बाहर खड़ी आधी आबादी जब बेटियाँ बीच रास्ते लौट आती हैं



प्रियंका सौरभ

स्थानीय निकायों में महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को वास्तविक शक्ति में बदलने के लिए जरूरी है कि गांव–मोहल्ले की सामान्य लड़कियाँ भी कम से कम माध्यमिक स्तर तक की ठोस शिक्षा प्राप्त कर सकें। इन नकारात्मक प्रभावों को संतुलित करने के लिए नीतियों को केवल कानूनों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर संवेदनशील बनाना होगा। सशर्त नकद अंतरण, छात्रवृत्ति, साइकिल और परिवहन योजनाएँ, सुरक्षित और लैंगिक–समान स्कूल अवसंरचना, बाल विवाह के खिलाफ सख्त और ईमानदार अमल, समुदाय–आधारित जागरूकता अभियान, और ओपन–स्कूलिंग व डिजिटल शिक्षा के जरिए दूसरा मौका—ये सभी कदम तभी असरदार होंगे जब उनकी योजना और क्रियान्वयन के केंद्र में लड़की हो, न कि केवल छात्र का कोई लिंग–निरपेक्ष, अमूर्त चित्र। लड़कियों का स्कूल से बाहर होना भारत की कहानी में एक अधूरा अध्याय नहीं, बल्कि एक ऐसी चेतावनी है जो बताती है कि जब तक हर बेटी बिना डर और बाधा के कम से कम माध्यमिक शिक्षा पूरी न कर सके, तब तक शिक्षित भारत का सपना आधा ही रहेगा।

छूटी हुई पाठशाला, छिनते सपने : भारत की बेटियों की अधूरी शिक्षा; अधिकार से वास्तविकता तक : लड़कियों की स्कूली ड्रॉपआउट की क्रूर सच्चाई; स्कूल के बाहर खड़ी आधी आबादी : जब बेटियाँ बीच रास्ते लौट आती हैं; किताब, काँच और कैद : पितृसत्ता के साये में लड़कियों की शिक्षा; ड्रॉपआउट की दीवार के पार : भारत की बेटियाँ और शिक्षा का संघर्ष; अनुच्छेद 21अ से आगे की लड़ाई : क्यों छूट जाती हैं बेटियाँ स्कूल से?; संविधान ने हक दिया, समाज ने रोका : लड़कियों की अधूरी स्कूली यात्रा; सायकिल, शौचालय और सुरक्षा : तीन कुंजियाँ, जो बेटियों को स्कूल में रोक सकती हैं; बाल विवाह, घरेलू बोझ और डर : लड़कियों की शिक्षा के अदृश्य दुश्मन; जब स्कूल नहीं, घर बनता है किस्मत : बेटियों की शिक्षा और भारतीय समाज। भारत में लड़कियों की स्कूली शिक्षा की कहानी आजादी के बाद के विकास-वृत्तांत की सबसे जटिल और मार्मिक कड़ी है। संविधान का अनुच्छेद 21अ हर बच्चे को 6 से 14 वर्ष तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है, पर जमीनी तस्वीर बताती है कि जैसे-जैसे कक्षा बढ़ती है, लड़कियों की संख्या कम होती जाती है और माध्यमिक-उच्च माध्यमिक स्तर पर पहुँचते-पहुँचते बड़ी संख्या में बेटियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी होती हैं। यह केवल शैक्षणिक ढाँचे की विफलता नहीं, बल्कि गहरे बैठे सामाजिक पूर्वाग्रह, पितृसत्ता, आर्थिक अभाव और राज्य की अधूरी प्रतिबद्धताओं की संयुक्त देन है। सबसे पहले बात स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं की, जो लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिकार और शिक्षा की वास्तविक उपलब्धता के बीच की सबसे कठोर दीवार बनकर खड़ी हैं। आज भी अनेक सरकारी स्कूलों में अलग, सुरक्षित और कार्यशील शौचालयों की कमी है; जहाँ शौचालय बने भी हैं, वहाँ साफ-सफाई, पानी और रखरखाव की स्थिति अक्सर बेहद खराब रहती है। किशोरावस्था में प्रवेश करने वाली बालिकाओं के लिए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ और सम्मानजनक व्यवस्था जीवन की बुनियादी जरूरत है; लेकिन जब स्कूल इस जरूरत को नजरअंदाज करते हैं, तो परिवार के लिए सबसे आसान विकल्प लड़की को घर बैठा देना होता है। स्वच्छ पेयजल, सेनेटरी नैपकिन की उपलब्धता, कचरा निस्तारण जैसी बातें कागजी योजना-दस्तावेजों में चाहे जितनी आकर्षक दिखें, जमीन पर उनकी कमी लड़कियों के हौसले को बार-बार तोड़ती है। यह वही उम्र है जहाँ शिक्षा आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का रास्ता खोल सकती है, लेकिन अवसंरचना की कमी उसे ‘ड्रॉपआउट’ के आँकड़ों में बदल देती है। दूसरा बड़ा कारक स्कूल तक पहुँच का है, जिसमें दूरी और सुरक्षा दोनों शामिल हैं। ग्रामीण इलाकों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय अक्सर गाँव से कई किलोमीटर दूर स्थित होते हैं। लड़के किसी तरह साइकिल या पैदल यह दूरी तय कर लेते हैं, लेकिन लड़कियों के मामले में हर किमी के साथ असुरक्षा, झिझक और जोखिम भी बढ़ जाता है। रास्ते में छेड़खानी, उत्पीड़न, सुनसान सड़कें, अपर्याप्त सार्वजनिक परिवहन और देर से घर लौटने का डर, माता-पिता के मन में यह धारणा गहरी कर देते हैं कि इतनी दूर भेजना सुरक्षित नहीं। जहाँ-जहाँ साइकिल वितरण, छात्राओं के लिए सुरक्षित बस-सेवा, या क्लस्टर-स्कूल जैसा मॉडल ईमानदारी से लागू हुआ, वहाँ यह साफ दिखा कि परिवहन-सुरक्षा की समस्या हल होते ही लड़कियों की उपस्थिति, ट्रांज़िशन रेट और बोर्ड तक बने रहने के आँकड़े बेहतर हो जाते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सही नीतिगत हस्तक्षेप से दूरी नाम की बाधा को शिक्षा का रास्ता रोके बिना भी संभाला जा सकता है। तीसरी वजह घर की चारदीवारी के भीतर छिपी है—घरेलू काम और देखभाल की ज़िम्मेदारियाँ। भारतीय समाज की पितृसत्तात्मक संरचना में बेटा अक्सर भविष्य का कमाने वाला और बेटी परिवार की ज़िम्मेदारी मानी जाती है। गरीब और निम्न-मध्यवर्गीय परिवारों में माँ के साथ खाना बनाना, बर्तन-कपड़े धोना, छोटे भाई-बहनों की देखभाल करना, पानी लाना, खेत या दुकान में मदद करना—इन सभी कामों का सबसे आसान विकल्प लड़की ही बनती है। उसके स्कूल-समय को लचीला समझा जाता है; जैसे ही घर का बोझ बढ़ता है, सबसे पहले उसकी पढ़ाई कटती है। सर्वेक्षण बार-बार दिखाते हैं कि बहुत-सी लड़कियाँ पढ़ाई में रुचि नहीं की वजह से नहीं, बल्कि घर के काम और परिवारिक ज़िम्मेदारी के कारण स्कूल छोड़ती हैं, लेकिन डेटा में इसे अक्सर गलत ढंग से दर्ज कर दिया जाता है। यह अदृश्य श्रम, जो घर और समाज के पहियों को चलाता है, लड़की के अधिकारों और भविष्य के रास्ते में सबसे बड़े रोड-ब्लॉक में बदल जाता है। चौथा निर्णायक तत्व है बाल विवाह और विवाह-केंद्रित सामाजिक मानसिकता। आज भी अनेक समुदायों में यह मान्यता जीवित है कि लड़की की इज्जत और भविष्य का असली उपाय उसे जल्दी ब्याह देना है, न कि लंबी शिक्षा देना। ज्यादा पढ़ाई को कई बार बिगड़ने, पति न मानने या शादी देर से होने के खतरे के रूप में देखा जाता है। राष्ट्रीय स्तर के सर्वे साफ दिखाते हैं कि अशिक्षित या कम पढ़ी-लिखी लड़कियों में 18 वर्ष से पहले विवाह की संभावना कहीं अधिक होती है, जबकि उच्च शिक्षा पाने वाली लड़कियों में यह अनुपात बहुत कम है। यह दुष्चक्र बेहद क्रूर है—कम शिक्षा बाल विवाह को जन्म देती है और बाल विवाह आगे की शिक्षा की संभावना लगभग समाप्त कर देता है। शादी के बाद ससुराल की ज़िम्मेदारियाँ, जल्दी गर्भधारण का सामाजिक दबाव और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम, लड़की को स्कूल से स्थायी रूप से बाहर कर देते हैं।

इन सबके ऊपर आर्थिक बाधाएँ एक तरह से सील का काम करती हैं। भले ही सरकारी स्कूलों में फीस नाममात्र की हो या न हो, लेकिन यूनिफॉर्म, जूते-चप्पल, किताबें, कॉपियाँ, परीक्षा शुल्क, ट्यूशन, परिवहन—इन अप्रत्यक्ष खर्चों का बोझ गरीब परिवारों के लिए बहुत भारी होता है। ऐसे परिवारों की आर्थिक गणित अक्सर बेटे के पक्ष में झुक जाती है; उन्हें लगता है कि लड़के की शिक्षा पर निवेश का प्रतिफल नौकरी या कमाई के रूप में मिलेगा, जबकि लड़की की पढ़ाई निवेश से अधिक दान जैसी समझी जाती है। यह सोच कई बार लड़कियों को बिल्कुल शुरूआती कक्षाओं से बाहर धकेल देती है, तो कई बार आठवीं, दसवीं या बारहवीं के मोड़ पर उनकी शिक्षा का धागा टूट जाता है। इन कारणों का असर भारत के सार्वभौमिक विद्यालयीकरण के लक्ष्य पर गहरा और दूरगामी है। सबसे पहले तो यह संकट सतत विकास लक्ष्य 4 (सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) और लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता) की दिशा में भारत की प्रगति को बाधित करता है। जब माध्यमिक स्तर पर ही लड़कियों की बड़ी संख्या स्कूल से बाहर हो जाती है, तो साक्षरता, नामांकन और परीक्षा-उत्तीर्णता के आँकड़ों में स्थायी लैंगिक खाई बन जाती है। सार्वभौमिक शब्द केवल प्रवेश-सूची में दिखता है, लेकिन क्लासरूम और परीक्षा-परिणाम में नहीं। दूसरा असर अंतरपीढ़ी गरीबी पर पड़ता है। शोध लगातार दिखाते हैं कि शिक्षित माँ अपने बच्चों की सेहत, पोषण, टीकाकरण और शिक्षा में अधिक सजग और निवेशकारी होती है। जब लड़की स्वयं शिक्षा से वंचित रह जाती है, तो उसके लिए अगली पीढ़ी को शिक्षा-केंद्रित जीवन देना बहुत कठिन हो जाता है। इस तरह एक पीढ़ी का ड्रॉपआउट, अगली पीढ़ी के अवसरों को भी सीमित कर देता है और गरीबी की जंजीरें टूटने के बजाय और मजबूत हो जाती हैं। तीसरा बड़ा असर आर्थिक विकास और उत्पादकता पर दिखता है। यदि महिलाओं की श्रम-बल भागीदारी, शिक्षा और कौशल के सहारे, पुरुषों के बराबर या उसके करीब पहुँच सके तो भारत की ॠऊढ में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है; लेकिन जब लाखों लड़कियाँ माध्यमिक स्तर से बाहर हो जाती हैं, तो यह संभावित मानव-पूँजी कभी विकसित ही नहीं हो पाती। देश की आधी आबादी हाफ-टाइम से पहले ही खेल से बाहर कर दी जाती है, और आर्थिक विकास अपनी प्राकृतिक ऊँचाई तक नहीं पहुँच पाता।

चौथा असर सामाजिक-राजनीतिक सशक्तिकरण पर पड़ता है। शिक्षा सिर्फ रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नागरिकता का सबसे बुनियादी औजार है। पढ़ी-लिखी लड़की स्वास्थ्य, प्रजनन, रोजगार, बैंकिंग, डिजिटल तकनीक और मतदान जैसे निर्णयों में अधिक आत्मविश्वास से भाग लेती है। जब वह स्कूल छोड़ने पर मजबूर होती है, तो उसकी आवाज कमजोर हो जाती है, वह फैसलों की निमार्ता की बजाय केवल प्रभावित होने वाली बनकर रह जाती है।



## मोनिका डागा
## अटल बिहारी वाजपेयी जी
### कविता

दिल में जिनके देशभक्ति की अविरल धारा सतत बहती थी,
कलम उनकी सर्व सशक्त हर दु:ख को बेखौफ कहती थी,
रुकती कभी न, डरती नहीं, गैरों के अनगिनत अत्याचारों से वो,
नागरिकों के स्वतंत्र व्यक्तित्व की सदैव व्याख्या करती वो ।
अटल जी की ऑखों में स्वप्न उन्नत शक्तिशाली स्वदेश के थे,
लक्ष्य उनका सुरभित सुंदर सर्वांगीण विकसित भारत देश के थे,
राष्ट्र धर्म के रक्षक, कार्यकर्ता, सेवक, अटल सिद्धांतों वाले थे वे,
देश भक्त, पत्रकार, उच्चतम सिरमौर सिरोमणी गुणों वाले थे वे ।
हार में भी जीत का बीज अंकुरित करने का हुनर था उनमें,
एक महान दार्शनिक कवि स्वच्छ सोच भावों की गहरी पकड़ थी जिनमें,
उन्होंने हौसलों के दम पर अपने स्वप्न को अंतिम सांस तक जिया,
माननीय अटल जी ने कीचड़ में हृदय ₹आनंद₹ कमल खिला दिया ।
ऋणी रहेगा राष्ट्र ही नहीं सारा संसार ऐसे सच्चे महापुरुष का,
साहस अदम्य अद्भुत ओजस प्रेरणादायक उनकी वाणी का,
मृत प्राणों को जागृत करने की विधा भली–भांति वे जानते थे,
अटल जी सत्य कर्तव्यनिष्ठ आदर्श महान क्रांतिकारी प्रधान जन नेता थे ।

# भारत में स्कीइंग का जुनून: इन शानदार जगहों पर लें बर्फ और रोमांच का मजा




सर्दियों के मौसम में रोमांच और घूमने-फिरने का बेहतरीन मेल तलाश रहे हैं, तो स्कीइंग एक शानदार विकल्प साबित होती है। भारत के कई बर्फीले पर्यटन स्थल ऐसे हैं, जहां नए सीखने वालों से लेकर अनुभवी स्कीअर्स तक सभी के लिए यादगार अनुभव उपलब्ध हैं। विंटर में पहाड़ों पर बर्फ की चमक और ठंडी हवाएं एडवेंचर लवर्स को अपनी और जरुर खींचती हैं। स्कीइंग सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि बर्फ से ढकी वादियों के बीच खुद को आजाद महसूस करने का अनुभव है। स्कीइंग करने की चाहत रखने वाले लोग कई बार विदेश जाने का प्लान करते हैं, हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि भारत में भी विश्वस्तरीय स्कीइंग डेस्टिनेशन्स मौजूद हैं। ऐसे में आप हिमालय की ऊंची चोटियां, प्राकृतिक स्नो और शानदार ढलानें भारत को विंटर स्पोर्ट्स के लिए शानदार हॉटस्पॉट बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मौजूद स्कीइंग स्पॉट्स ना केवल प्रोफेशनल स्कीअर्स से लेकर शुरूआती लोगों के लिए भी बेहतरीन हैं। यदि आप इस सर्दी में कुछ नया, रोमांचक और शानदार अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप भारत के इन टॉप स्कीइंग डेस्टिनेशन्स आपकी परफेक्ट विंटर ट्रैवल लिस्ट का हिस्सा जरुर होने चाहिए।

**गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर**

भारत का सबसे फेमस स्कीइंग डेस्टिनेशन हैं। यहां की पाउडर स्नो और लंबी ढलाने प्रोफेशनल स्कीअर्स को खास तौर पर आकर्षित करती हैं। स्कीइंग के अनुभव के लिए गुलमर्ग गोंडोला एशिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है।

**औली, उत्तराखंड**

औली को भारत का स्कीइंग हब कहा जाता है। यहां की ढलाने बिगनर और इंटरमीडिएट स्कीअर्स दोनों के लिए एकदम परफेक्ट हैं। हर साल औली में नेशनल और इंटरनेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप आयोजित की जाती हैं इसकी पहचान और भी मजबूत होती है।

**सोलंग वैली, हिमाचल प्रदेश**

वैसे तो मनाली एक पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। यहां स्कीइंग के साथ स्नोबोर्डिंग और अन्य विंटर एक्टिविटीज का भी मजा लिया जा सकता है। अगर आप पहली बार स्कीइंग ट्राय करने वालों के लिए यह जगह एकदम सेफ है।

**कुफरी, हिमाचल प्रदेश**

शिमला के पास स्थित एक फैमिली-फ्रेंडली स्कीइंग डेस्टिनेशन है। यहां हल्की ढलानें और आसान ट्रैक्स बच्चों और नए स्कीअर्स के लिए एकदम उपयुक्त है।

**नारकंडा और पहलगाम**

यह जगह उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो भीड़ से दूर शांत वातावरण में स्कीइंग करना चाहते हैं। यह जगहें प्राकृतिक सुंदरता के अलावा एडवेंचर का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

**कब है बेस्ट टाइम ?**

स्कीइंग के लिए दिसंबर से मार्च का समय सबसे बेस्ट माना जाता है। यदि आप सर्दियों में कुछ नया और रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जरुर जाएं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सर्दी में अष्ट सखियों को लगाया खिचड़ी का भोग

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम में 22 दिसंबर से खिचड़ी महोत्सव शुरू हो गया है, जो 20 जनवरी तक चलेगा। खिचड़ी महोत्सव में अष्ट सखियों को सर्दी से बचाव के लिए खिचड़ी का भोग लगाया जा रहा है, एक माह तक चलने वाले खिचड़ी महोत्सव में दूर-दराज से भक्तजन आकर खिचड़ी प्रसादी का आनंद ले रहे हैं। यह परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम के महंत दम्पति शरण महाराज ने बताया कि प्रेम की साक्षात मूर्ति हैं श्रीहित हरिवंश महाप्रभु। जिनकी जन्मभूमि बाद ग्राम में इन दिनों भक्ति का अनूठा रंग बिखरा हुआ है।

शीतकाल की शुरूआत के साथ ही यहां श्रीजी एवं अष्ट सखियों को ठंड से बचाने के लिए समाज गायन कर पदों के साथ खिचड़ी का भोग लगाया जाता है एवं मंगला आरती के उपरांत सभी भक्तों को खिचड़ी प्रसादी वितरण की जाती है। यहाँ की खिचड़ी कोई साधारण व्यंजन नहीं, बल्कि सखी भाव की सेवा है। जोकि केसर, सूखे मेवे और शुद्ध देसी घी से महकती इस खिचड़ी के साथ कई प्रकार के अचार और चटनियाँ ठाकुर जी को भोग लगाई जाती हैं। मान्यता है कि इस खिचड़ी को ग्रहण करने मात्र से हृदय में राधा-नाम का रस भर जाता है।

# पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो व्यक्ति कोर्ट ने किए बरी

वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** स्थानीय सीजेएम कोर्ट (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) ने थाना हाईवे पुलिस द्वारा अवैध हथियार और कार के साथ गिरफ्तार किए गए दो युवकों को निर्दोष पाते हुए बरी कर दिया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को कुसुम वाटिका के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन अदालत में पुलिस के दावे साबित नहीं हो सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ समय पूर्व थाना हाईवे पुलिस ने छटीकरा निवासी वीरेंद्र उर्फ मठरी और उनके एक अन्य साथी को हिरासत में लिया था। पुलिस का दावा था कि आरोपियों के पास से एक रायफल, एक तमंचा और एक कार बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था।

यह मामला मथुरा की सीजेएम कोर्ट में विचाराधीन था। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि पुलिस ने उन्हें झूठे केस में फंसाया है और बरामदगी की प्रक्रिया संदिग्ध है।

न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद पाया कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध करने में विफल रही।

साक्ष्यों के अभाव में न्यायालय ने वीरेंद्र उर्फ मठरी और उनके साथी को बाइज्जत बरी करने का आदेश सुनाया। इस फैसले के बाद परिजनों ने न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** कस्बे के बढ़ौता रोड पर भक्ति और उत्साह के बीच श्रीमद्भागवत कथा का मंगलमय आगाज हुआ। कथा के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर और पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। यह यात्रा कस्बे के मुख्य बाजार से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक, दाऊद, मारूफ थोक, थमू और मनी होती हुई कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से सुप्रसिद्ध कथावाचक सत्यदेव महाराज भक्तों को भागवत महापुराण के प्रसंगों का रसपान कराएंगे। कथा के पहले दिन महाराज ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन सुधारने का उत्तम मार्ग बताया। यात्रा के दौरान बैंड-बाजों की धुन और धार्मिक भजनों पर थिरकते श्रद्धालुओं से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, पूर्व चेयरमैन बिहारीराम पहलवान, समाजसेवी विष्णु सिसौदिया, पप्पू पंडित, चरण सिंह यादव, पिलुआ, लाखन सिंह, देवेंद्र सेठ, ओमवीर सिंह, द्वारिकाधीश यादव आदि मौजूद रहे।

# गोवर्धन में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 26 दिसंबर को

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज में जी.एम. हॉस्पिटल, द्वारा मणिपाल हॉस्पिटल नई दिल्ली के सहयोग से गोवर्धन में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025 को रेलवे स्टेशन के पास स्थित जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिसर, कुंजेरा रोड, गोवर्धन में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में पेट रोग, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट सहित विभिन्न प्रकार की जांचें निःशुल्क की जाएंगी। वहीं फाइब्रोस्कैन जांच मात्र ?1000 में उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में आयुष्मान भारतझ्रप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र बुजुर्ग व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे, जिससे उन्हें ?5 लाख तक का निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। कैंप के रजिस्ट्रेशन व अधिक जानकारी के लिए 9536965556, 9027173773, 8800807062, 7982355506 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने किया तहसील गोवर्धन के ग्राम पैंठा स्थित वृहद गो संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील गोवर्धन के ग्राम पैंठा स्थित वृहद गो संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्दी / ठंड के दृष्टिगत गौशाला में गौवंशों हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने हरा-चारा, भूसा, खर, चोकर, पानी, साफ-सफाई, शेड आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संपूर्ण गौशाला परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करे। जिलाधिकारी ने गौवशों को गुड खिलाया तथा गौशाला का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं के शेड को तिरपाल से कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्श/ जमीन पर पुआल, भूसा या पेड़ की पत्तियाँ बिछाएं ताकि गौवंशों को ठंड न लगे। गौशाला के दरवाजों और खिड़कियों पर बोरे लगाएं ताकि ठंडी हवा का प्रवेश रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित अंतराल पर अलाव जलाएं ताकि गौवंश को गर्माहट मिल सके। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गौवंशों की ईयर टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। गौवंशो की नियमित जांच कराए तथा ठंड के मौसम में बीमार होने वाले गौवंशों का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र नारायण शुक्ला, तहसीलदार गोवर्धन सुशील गुप्ता, संबंधित ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

# जनपद में गठित 12 क्रिटिकल कोरिडोर टीम (सी सी टीम) द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही की गयी।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में गुरुवार को जनपद में गठित 12 क्रिटिकल कोरिडोर टीम (सी सी टीम) द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। सभी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेकिंग की गई।अभियान के दौरान सी. सी. टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों बिना हेलमेट / सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने आदि के विरुद्ध चालान व आवश्यक कार्यवाही की गई।सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की गई तथा रात्रि में दुर्घटना से बचने के लिए गन्ने से लदे ट्रैक्टर-ट्राली आदि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत संवेदनशील मार्गों पर सीसी टीम द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही हैं।

# बकरी से कुकर्म करने वाले आरोपी एडीओ पंचायत की जेल में हार्ट अटैक से मौत

**बुलंदशहर**:बकरी से कुकर्म करने वाले आरोपी एडीओ पंचायत गजेंद्र की जेल में हार्ट अटैक से मौत

2024 में बकरी से कुकर्म के मामले में थाना अहमदगढ़ पुलिस ने आरोपी को भेजा था जेल जिला पॉक्सो कोर्ट में 6 जनवरी 2025 को होनी थी आखिरी बहस उससे पहले ही आरोपी को जेल में आया हार्ट अटैक, जेल प्रशासन ने कराया जिला अस्पताल में भर्ती अस्पताल में उपचार के दौरान मौत,

थाना सिकंदराबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा बुलंदशहर जिला कारागार का मामला

# दिव्यांग व्यक्तियों को उपलब्ध कराए जाएंगे निःशुल्क सहायक उपकरण

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** ह्लकल्याणं करोतिह्व संस्था द्वारा संचालित कृत्रिम अंग पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों के हित में एक सराहनीय अभियान आरंभ किया गया है। इस प्रकल्प के अंतर्गत दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत उन दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें अब तक किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सका है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत व्हीलचेयर, बैसाखी, मोटर चालित ट्राइसाइकिल, कृत्रिम पैर, कैलिपर, वॉकर, हैंड स्टिक सहित अन्य आवश्यक सहायक साधन प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक लाभार्थी का परीक्षण कर उसकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण दिए जाएंगे, साथ ही उनके सही उपयोग की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। पंजीकरण के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज की तीन फोटो तथा मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी उपकरण पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

# खाताधारकों के खातों से 1 करोड 25 लाख रुपये की ठगी करने वाले 25,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी बैंक मित्र सहित 06 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** पिंकी रानी शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक शाखा के0एस0जी0ए0 थाना कोतावाली नगर जनपद बुलन्दशहर ने साइबर थाना पर तहरीर दी कि शाखा के कुछ खाताधारकों ने शाखा में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत कर बताया है कि उनके खातों से धनराशि निकल गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा की गयी जाँच/छानबीन व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये 06 अभियुक्तों को आज दिनांक 25.12.2025 को साइबर क्राइम पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त आकाश कुमार की शीघ्र गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में साइबर थाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों को नाम आकाश कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी सिंह बिल्डिग मटेरियल स्टोर के पास शिकारपुर रोड, मौहल्ला टाडा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।(बैंक मित्र पंजाब नेशनल बैंक)अजय कुमार पासवान पुत्र रंजीत कुमार पासवान निवासी यमुनापुरम थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर(बैंक मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक)सचिन कुमार पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम हीरापुर थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर रोचित कुमार पुत्र भगवती प्रसाद निवासी आवास विकास द्वितीय थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर निर्भय सिंह मालयम निवासी एलआईजी 290 आवास विकास द्वितीय थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर अनिकेत कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी सिंह बिल्डिग मटेरियल स्टोर के पास शिकारपुर रोड, मौहल्ला टाडा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर गिरफ्तार अभियुक्त आकाश कुमार ने पूछताछ पर बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक की शाखा क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम बुलन्दशहर मे वर्ष 2022 से बैंक मित्र है। जहां पर उसने सचिन को नौकरी पर रखा था तथा वह खुद बैंक की शाखा के अन्दर बैठ कर काम करता था। जो लोग उसके माध्यम से एफडी कराने आते थे वह बैंक अधिकारियो के साथ मिलकर उनके खाते से एफडी के नाम पर रुपये डेबिट करके अपनी माता पूनम, पिता विजय कुमार, भाई अनिकेत, सचिन व निर्भय माल्या तथा ताऊ कुवंरपाल तथा भाई के दोस्त रोचित के खाते में ट्रांसफर कर देता था तथा ट्रांजेक्शन एन्ट्री मे एफडीआर/ट्रांसफर अंकित कर देता था।

# पिंडरा विधानसभा भाजपा के कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का मनाया जयंती



संदीप तिवारी

**वाराणसी** मिजार्मुराद । पिंडरा विधानसभा भाजपा के कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का मनाया जयंती।शैलेश पांडेय, भाजपा नेता पिण्डरा विधानसभा के नेतृत्व में अटल जी की जन्म जयंती पिण्डरा मण्डल के 198 बूथ संख्या पर मनाई गई। इस अवसर पर पितामह वन्सनारायण पाठक, पूर्व विधानसभा संयोजक अजय ऊदल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पिण्डरा मनीष पाठक, वरिष्ठ रमेश जायसवाल, जिलामंत्री अनु , प्रताप सोनकर, बूथ अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, विशाल सोनकर, राहुल चौहान आदि सैकड़ों बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए ऑनलाइन सर्च कर सकते हैं।

# एसपी सिटी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में यातायात एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत किया गया पैदल गश्त।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद द्वारा यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया तथा यातायात का पालन न करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गयी साथ ही सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खडे वाहनों को हटवाया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर धर्मेन्द्र कुमार राठौर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# गोवर्धन धाम में गूंजी वेद ध्वनि, भट्टी पूजन संग 56 भोग महोत्सव का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा। गोवर्धन** धाम एक बार फिर भक्ति, परंपरा और समर्पण की दिव्य ऊर्जा से आलोकित हो उठा, जब श्री गिरिराज जी सेवा मंडल ह्यपरिवारह्ण, आगरा द्वारा 28 और 29 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे भव्य एवं दिव्य 56 भोग महोत्सव की विधिवत शुरूआत भट्टी पूजन के साथ की गई। श्री गुरु कार्ष्णि आश्रम, बड़ी परिक्रमा मार्ग, आन्योर, गोवर्धन में हरिओम महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं गिरिराज महाराज के जयकारों के मध्य संपन्न इस पावन अनुष्ठान ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। भट्टी पूजन आयोजन स्थल पर शास्त्रोक्त विधि-विधान के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें 56 भोग निर्माण से पूर्व अग्नि देव का आवाहन कर सामग्री की शुद्धता, सात्त्विकता और परंपरागत मयार्दा का संकल्प लिया गया। पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने गिरिराज महाराज से महोत्सव के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन की कामना की। इस अवसर पर संस्थापक नितेश अग्रवाल ने कहा कि भट्टी पूजन 56 भोग महोत्सव का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य चरण है। इसके माध्यम से भोग निर्माण की पवित्र प्रक्रिया आरंभ होती है। गिरिराज महाराज को अर्पित किया जाने वाला प्रत्येक भोग परंपरागत विधि, स्वच्छता और पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ तैयार किया जाएगा।सह-संस्थापक मयंक अग्रवाल ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और सामाजिक सहभागिता का जीवंत उदाहरण है, जिसमें सैकड़ों सेवक एवं श्रद्धालु तन-मन-धन से सहयोग करते हैं।अध्यक्ष अजय सिंघल ने जानकारी दी कि 56 भोग महोत्सव के अंतर्गत 28 दिसंबर को गिरिराज महाराज की परिक्रमा एवं अभिषेक किया जाएगा। वहीं 29 दिसंबर को श्री गुरु कार्ष्णि आश्रम, बड़ी परिक्रमा मार्ग, आन्योर, गोवर्धन में दिव्य 56 भोग अर्पण, भव्य फूल बंगला श्रृंगार, साधु सेवा, विशाल महाप्रसाद वितरण तथा संध्याकालीन भजन संध्या का आयोजन होगा। इसी दिन श्रद्धालुओं को स्वर्ण हंस रथ पर विराजमान गिरिराज धरण के दुर्लभ एवं विशेष दर्शन भी प्राप्त होंगे। महामंत्री विजय अग्रवाल ने बताया कि भट्टी पूजन के साथ ही भोग निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जिसमें अनुभवी रसोइयों और सेवकों की टीम जुट गई है। कोषाध्यक्ष विशाल बंसल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# केशव प्रसाद राल्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'अटल स्मृति' विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी/भदोही।** केशव प्रसाद राल्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा आज पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के पावन अवसर पर वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी 'नवाचार और सतत भविष्य' का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी अटल जी के विजन ₹जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान₹ के संकल्प को समर्पित रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि इं० बृज मोहन मिश्रा (प्रबंधक - के.पी.आर.पी.जी. कॉलेज) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ₹अटल जी विज्ञान को राष्ट्र की प्रगति का आधार मानते थे। आज हमारे छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए नवाचार इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी युवा पीढ़ी तकनीक के माध्यम से सामाजिक समस्याओं के समाधान खोजने में सक्षम है।₹

प्रदर्शनी की मुख्य विशेषताएं:

विभागीय नेतृत्व*: विज्ञान विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को 'वर्किंग मॉडल्स' के जरिए सुलभता से समझाया।

*कार्यकारी मॉडल*: भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित 'वर्किंग मॉडल्स' आकर्षण का केंद्र रहे।

*लाइव प्रदर्शन*: विद्यार्थियों ने जटिल वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को रोचक प्रयोगों के माध्यम से लाइव प्रदर्शित किया।

*पोस्टर प्रस्तुति*: पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा जैसे विषयों पर सुंदर और ज्ञानवर्धक पोस्टर प्रदर्शित किए गए। *अटल विजन थीम*: प्रदर्शनी में विशेष रूप से 'सतत भविष्य' और 'स्वच्छ ऊर्जा' पर आधारित मॉडल्स को प्राथमिकता दी गई, जो अटल जी के समृद्ध भारत के सपने को दशार्ते हैं।

*प्रतियोगिता और परिणाम*: नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें मोहम्मद रेहान-डीएनए वर्किंग मॉडल (वजर वायर), खुशी सिंह-वर्किंग मॉडल ऑफ हर्ट, आयुषी-वर्किंग मॉडल ऑफ किडनी, मनीषा पटेल-वर्किंग मॉडल ऑफ लंग्स की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

*विशेष अतिथि वक्तव्य* : महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० आलोक त्रिपाठी ने विज्ञान विभाग की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है तथा उपप्राचार्य डॉ०कुलदीप पांडे ने प्रोजेक्ट्स की विशेष सराहना की।

# निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आराजी लाइन ब्लॉक के चक्रपानपुर गांव स्थित पंचायत भवन पर गुरुवार को आर.जे.शंकरा आई हॉस्पिटल और आशा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कुल 55 लोगों का नेत्र जांच किया गया जिसमें 20 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।आर.जे शंकरा हॉस्पिटल के डॉक्टर पारुल और अंशु ने बताया कि जिन 20 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए है उनका ऑपरेशन बस द्वारा हॉस्पिटल ले जाकर सोमवार को किया जाएगा।वही अन्य मौजूद मरीजों को डॉक्टर द्वारा दवा व ड्रॉप वितरण किया गया।टीम द्वारा बताया गया कि ये आगे भी अन्य गांवों में ऐसे ही जांच कैंप लगाकर निःशुल्क प्रशिक्षण किया जाएगा।इस अवसर पर कैंप ऑर्गनाइजर पंकज त्रिपाठी, नर्सिंग स्टाफ संजू, दीपक सिंह, लालमणि, अमित राजभर, अमृता, जनक, मनोज सिंह, आंचल, नंदनी, पलक सिंह, अखिलेश, सर्वेश, कुलदीप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की मनाई गई जयंती

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।महाविद्यालय के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।संजीव सिंह गौतम ने कहां की अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने अपने विचार, व्यवहार और कार्यशैली से देश को नई दिशा दी।वे एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील कवि और सशक्त वक्ता के रूप में सदैव याद किए जाएंगे।इस अवसर पर भाजपा एमएलसी धर्मेन्द्र राय के प्रतिनिधि डॉ. वंशराज पटेल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र बिन्द, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव, गोलू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इस तरफ चक्रपानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में अटल जी की जयंती मनाई जहां भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम ने भाजपा नेताओं के साथ अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किये।इस अवसर पर विद्यालय में भाजपा कार्य समिति सदस्य उपेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मनोज सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक राजनाथ दुबे, बूथ अध्यक्ष दीपक सिंह, प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, अमित और रमेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता चालू

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को खोचवा गांव (रूपापुर) के सूर्या पार्क मैदान पर आरम्भ हुआ।

जी. बी पंथ क्रिकेट एकेडमी भदोही और शिवपुर क्रिकेट अकादमी वाराणसी के बीच 20-20 ओवरो का खेला गया जिसमे शिवपुर क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया जिसमें भदोही ने 20 ओवरों में 122 रन बनाया जिसमें अभिषेक ने 33 रन और कैफ ने 32 रन बनाया। शिवपुर के तरफ से अजीत यादव ने 36 रन देकर 4 विकेट लिये। जवाब में शिवपुर क्रिकेट अकादमी ने सभी विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी जिसमें अहमद ने 54 रन और अजीत यादव ने 26 रन बनाया। भदोही की तरफ से दीपचंद यादव ने चार विकेट और सौरभ 3 विकेट लिए इस तरह से भदोही ने यह मैच 14 रन से जीत लिया।इस टूनार्मेंट का उद्घाटन करने के लिए भाजपा नेता डॉक्टर अशोक राय मुख्य अतिथि के रूप में थे अंपायर विकास सिंह और माकीर अली थे।कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधान विधान सिंह ने आए हुए अतिथि का स्वागत किया।

# मारपीट के मामले में वर्ष 2024 से फरार तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मारपीट के एक मामले में वर्ष 2024 से लगातार फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे और उनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। थाना सिम्भावली पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और

# जिले में लहराया विद्यालय का परचम

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी समारोह पर जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं के निबंध प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर की छात्रा कनकलता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर आयुक्त सभागार में गुरुवार को मंत्री रविंद्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर सिंह के हाथों प्रमाण पत्र एवं ?5000 का चेक देकर छात्रा को सम्मानित किया गया। उपस्थित गणमान्यजनों द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं से कैरियर संबंधी संवाद भी स्थापित किए गए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला समन्वयक अनुराग दुबे एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अनिता गिरि, नोडल शिक्षिका डॉ. विशालाक्षी देवी एवं शिक्षिका अर्चना चौबे उपस्थिति रही।

# सामाजिक न्याय को बढ़ावा देते कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार-ध्रुव प्रिय गौतम

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद में उ०प्र०सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार अनुसूचित जाति समाज में सबसे प्रभावशाली सामाजिक न्याय के योद्धा के तौर पर कार्य कर सदैव समाज के निचले तबके को मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण हापुड़ के असौड़ा निवासी ध्रुव प्रिय गौतम, पी०एच०डी० शोधार्थी ने बताया कि अनिल कुमार ने विधायक रहते हुए भी फरवरी 2023 में विधानसभा में मेरे द्वारा छात्रवृत्ति की मांग को लेकर सरकार व सदन के समक्ष रखा था जो मेरे एवं समाज के छात्रों के लिए वरदान साबित हुआ। मात्र 10 दिन के अंदर छात्रवृत्ति सभी पात्र छात्रों के खातों में आ गयी। तब जाकर छात्रों को उनकी रुकी हुई मार्कशीट व डिग्रियां मिलनी प्रारंभ हुई। कैबिनेट मंत्री बनना राष्ट्रीय लोकदल के शीर्ष नेतृत्व एवं जंयत चौधरी का सामाजिक न्याय को मजबूत आवाज प्रदान करने का सराहनीय कदम हैं। जिन्होंने हमेशा समाज की आवाज को उठाने का कार्य किया हैं साथ ही 2 अप्रैल 2018 के आंदोलन के केस वापिस लेने के लिए भी सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। जो लगातार जनसुनवाई में भी जनता की समस्या का निस्तारण कराते हैं।जिससे जनता का कार्य भी तुरंत हो जाता हैं। उनकी वास्तविकता है बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के सपनों का राष्ट्र निर्माण करना हैं।

# ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की मेहनत लाई रंग, वर्षों से परेशान ग्रामीणों की मिली राहत

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव छपिया माफी के पिपराचक के ग्रामीणों की वर्षों पूर्व से व्याप्त नाली और सड़क की समस्या का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के अथक प्रयास से समाधान हो गया है। आपको बता दें कि जनपद के सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपिया माफी के राजस्व गांव पिपरा चक में लगभग 150 मीटर सड़क और नाली का निर्माण कार्य नहीं होने से इस रास्ते पर चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इकबाल अहमद ने इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए सीसी रोड, नाली और ढक्कन का निर्माण कार्य कराकर वर्षों पूर्व से व्याप्त समस्या का समाधान कर दिया है। जिसकी ग्रामीणों ने प्रशंसा की है।



# जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** जालौन- इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड से सभी लोग पूरी तरह से परेशान है। लेकिन सबसे बुरा हाल गरीबों का है।उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार हल्का खर्रा एवं हरकौती के लेखपाल आकाश तिवारी एवं रंजना सिंह के सहयोग से असहाय एवं गरीबों को कम्बल का वितरण ग्राम पंचायत कुंवरपुरा के नारायणपुरा में गरीबों के सुख व दुख में साथ रहने वाले जगमोहन तिवारी एवं शिवेन्द्र द्विवेदी द्वारा किया गया।

जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्य आगे भी लगातार जारी रहेगा। आगे इसी क्रम मे ग्राम कुंवरपुरा में भी कंबल वितरण किया जायेगा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा तुलसी दिवस पर पर्यावरण बचाने का संकल्प

**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा झांसी में आज स्थानीय होटल यात्रिक में तुलसी दिवस पर विशेष आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजिका सुनीता गुप्ता तथा मनु भारती ने परंपरागत रूप से टीका लगाकर सभी का स्वागत किया। रजनी गुप्ता ने तुलसी के औषधीय गुण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलसी - (ऑसीमम सैक्टम) एक द्विबीजपत्री तथा शाकीय, औषधीय पौधा है। तुलसी का पौधा हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है और लोग इसे अपने घर के आँगन या दरवाजे पर या बाग में लगाते हैं।

भारतीय संस्कृति के चिर पुरातन ग्रंथ वेदों में भी तुलसी के गुणों एवं उसकी उपयोगिता का वर्णन मिलता है।इसके अतिरिक्त ऐलोपैथी, होम्योपैथी और यूनानी दवाओं में भी तुलसी का किसी न किसी रूप में प्रयोग किया जाता है। तुलसी की आवश्यकता तथा सर्दियों में विशेष रूप से होने वाली बीमारियों और उनके घरेलू इलाज के बारे में भी चर्चा की गई सदस्यों ने सभी के लिए तुलसी माता से स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की कार्यक्रम में रजनी गुप्ता रश्मि महेंद्रू अनीता वासुदेव निधि नगरिया रजनी सेठ मीनू चावला रचना सोनी अलका मित्तल अनामिका टंडन पल्लवी चतुर्वेदी शशि सरावगी राम श्री गुप्ता दिव्या गुप्ता मनु भारती सुनीता गुप्ता कुसुम साहू कल्पना गुप्ता ममता अग्रवाल नेहा झा मधु अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में महामंत्री निधि नगरिया तथा रजनी सेठ ने संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया।



# पं. मदन मोहन मालवीय जयंती समारोह में पं. गोपाल शर्मा हुए सम्मानित, चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा रहे मुख्य अतिथि

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**मुरादनगर (गाजियाबाद)।** विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा बीएचयू के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती के अवसर पर रावली रोड मुरादनगर स्थित पं. मदन मोहन मालवीय पब्लिक स्कूल में आयोजित जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पं. गोपाल शर्मा को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. विनोद मिश्रा ने की, जबकि संचालन पं. राजेंद्र प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरादनगर विधायक माननीय अजीतपाल त्यागी, पं. सोमदत्त शर्मा (राष्ट्रीय प्रवक्ता), पं. रामकुमार शर्मा (राष्ट्रीय महासचिव) एवं पं. माया प्रकाश शर्मा (कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा एवं विशिष्ट अतिथियों ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया।

इस अवसर पर परीक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की गईं तथा पत्रकारों, पुलिस प्रभारी एवं ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यूपी और देश में ब्राह्मण समाज के शोषण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पं. विनोद मिश्रा ने सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।जयंती समारोह में पं. सोमदत्त शर्मा, डॉ. वी.सी. शर्मा, जिला संरक्षक सुनील शर्मा, मनोज शर्मा, मामचंद शर्मा, सुरेश शर्मा, संजय शर्मा, नरेश चंद शर्मा, विजय शर्मा, कपिल शर्मा, नीरज शर्मा सहित सैकड़ों पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# ऑपरेशन तलाश के तहत हापुड़ देहात पुलिस ने 05 वारन्टियों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 05 वारन्टियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर न्यायालय से जारी वारंटों के आधार पर इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। गिरफ्तार किए गए सभी वारन्टी अभियुक्तों को नियमानुसार हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने दी क्रिसमस की शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** (गुरुवार) को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी बुलंदशहर रोड स्थित मैथोडिस्ट चर्च पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित लोगों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार प्रभु यीशु मसीह के जन्म का प्रतीक है और यह दुनिया के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है। विश्वभर में करोड़ों लोग हर वर्ष 25 दिसंबर को यह पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाते हैं। यह पर्व प्रेम, शांति, भाईचारे और मानवता का संदेश देता है।राकेश त्यागी ने चर्च के पादरी से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा समाज में आपसी सौहार्द और एकता बनाए रखने की अपील की।इस अवसर पर अरुण जोशी, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, निसार पठान, मुजम्मिल मलिक, अनूप कुमार, शहजाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर कम्पोजिट विद्यालय मल्हूपुरा में कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा के ग्राम मल्हूपुरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में बृहस्पतिवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व एआरपी सुरेन्द्रपाल सिंह तथा पूर्व प्रधान हाजी जफर खां द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने अटल जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। वे भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, जिन्होंने सिद्धांतों, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। पूर्व प्रधान हाजी जफर खां ने छात्र-छात्राओं को अटल जी के प्रेरणादायक जीवन, सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल कुशल राजनेता थे, बल्कि ओजस्वी वक्ता और सच्चे राष्ट्रनिमार्ता भी थे। इस अवसर पर बच्चों के बीच अटल जी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व छात्रों ने अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ मनोज कुमार, सतीश कुमार, रवि यादव, नूर आलम, हरकेश सिंह, शालिनी शर्मा, संदीप किरण आदि उपस्थित रहे।

# अटल पार्क (ओपन जिम) का लोकार्पण



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** नगरपालिका परिषद वार्ड 16 के महादेवपुरम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बोबी व नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष इंदिरा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से अटल पार्क ओपन जिम का लोकार्पण नारियल फोड़कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोकार्पण के उपरांत आयोजित सभा में नेता द्वय द्वारा अटल जी के कार्यों को व विचारों पर प्रकाश डाला गया और महादेव पुरम वासियों से स्वस्थ रहने के लिए जिम लगाये गये। उपकरण का प्रयोग नियमित रूप से करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र पाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश व संचालन अरविन्द अहलावत द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर पालिका विकास कुमार, सभासद अमित ठाकुर, घनश्याम दास गुप्ता, अभिषेक राणा, नीरज शर्मा, संजय विश्नोई, चौधरी बिजेंद्र सिंह सहित महादेव पुरम के निवासी मौजूद रहे।

# वैश्य समाज महिला संगठन ने तुलसी पूजन दिवस मनाया : शशि अग्रवाल



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** वैश्य समाज महिला संगठन (उत्तर प्रदेश) के द्वारा शशि अग्रवाल पत्नी डॉ पवन अग्रवाल के निवास स्थान (शशि कुंज) पर मनाया गया। वैश्य समाज महिला संगठन की बिजनौर जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल के नेतृत्व मे तुलसी पूजन दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें वैश्य समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वैसे समाज की महिलाओं ने तुलसी पूजन किया तथा शाम को तुलसी जी की आरती की।

जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल ने वैश्य समाज महिला संगठन की महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संगठन की पदाधिकारिओ ने जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल की प्रशंसा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीता अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष इन्दू गुप्ता, जिला संगठन मंत्री सुरुचि अग्रवाल, शिखा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सपना गुप्ता, जिला मंत्री श्रुति गुप्ता, जिला मंत्री रुचि गुप्ता, जिला मंत्री रेखा बंसल, जिला उपाध्यक्ष स्वेता बंसल, मेहुल अग्रवाल, नेहा चौहान, बृजेश बबली, परी, अर्थव, आराध्या, अथर्व, विजेता अग्रवाल, डॉ पवन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई : लवकुश फौजी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनोर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की 123 वी जयंती को जनपद मे किसान दिवस के रूप मे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह चौक पर चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हवन किया गया। उसके उपरांत गत वर्ष की भांति गांव स्वाहेड़ी में चौधरी सहाब की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकुश कुमार फौजी जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ रालोद बिजनौर कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं संचालन चौधरी ब्रजवीर सिंह आर्य जिला महासचिव रालोद ने किया।

कार्यक्रम के आयोजक चौधरी ब्रजवीर सिंह आर्य के द्वारा सभी अतिथियों को भारत रत्न किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की फोटो भेंट की गई। किरतपुर बसी के महात्मा गांधी मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला वार रेवेन्यू में चौधरी सहाब की जयंती पर एक कार्यक्रम हुआ दिन भर सभी कार्यक्रमों मे रहने का अवसर प्राप्त हुआ। और काफी वक्ताओं ने चौधरी सहाब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रालोद जिलाध्यक्ष नागेन्द्र पंवार, प्रदेश सचिव तारीक अली जिला उपाध्यक्ष चौधरी पीतम सिंह, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एम एस हसनैन जैदी, जिला महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह आर्य, जिला महासचिव विजय चौहान, जिला महासचिव सुभाष काकरान, छात्र जिला अध्यक्ष पारितोष चंदेल, शोएब चौधरी, युवा क्षेत्रीय महासचिव राधेश्याम चिकारा, महावीर सिंह जिघाला, अंकुर चौधरी, रोहित चौधरी आदि सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहे।

# महामना मदन मोहन मालवीय की मनाई गई 164 की जयंती



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की 164वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहन आचार्य और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने उनके चित्र के सम्मुख दीप जलाकर पुष्प अर्चन किया। इसके उपरांत विद्यालय के आचार्य श्री छतर सिंह ने पंडित मोहन मालवीय जी के जीवन से संबंधित तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार शर्मा ने मदन मोहन मालवीय के साथ-साथ शहीद दिवस के उपलक्ष में अपने विचार रखकर भैया बहनों को अवगत कराया साथ ही महामना के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दिलाया।

# प्रीत विहार भाजपा कार्यालय पर अटल प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** प्रीत विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित अटल प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। वे एक महान भारतीय कवि, लेखक और राजनेता थे, जिन्होंने तीन बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। पहली बार वर्ष 1996 में 13 दिनों के लिए, दूसरी बार 1998 से 1999 तक 13 महीनों के लिए और तीसरी बार 1999 से 2004 तक पूर्ण कार्यकाल पूरा किया। वे पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे।जिला अध्यक्ष कविता मादरे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के सह-संस्थापकों में से एक और वरिष्ठ नेता थे। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं प्रचारक रहे। वे न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि हिंदी साहित्य के एक उत्कृष्ट कवि और लेखक भी थे। संघ के आत्म-विकास एवं अनुशासित राष्ट्र निर्माण के विचारों का उनके व्यक्तित्व और चिंतन पर गहरा प्रभाव रहा।पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि अटल जी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को राजनीतिक संयम के साथ जोड़ते हुए स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। उनके भाषण और कविताएँ भारतीय संस्कृति, दर्शन और राजनीतिक व्यावहारिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती हैं।कार्यक्रम के संयोजक राजीव सिरोही रहे। इस अवसर पर मोहन सिंह, पुनीत गोयल, शायमेंद्र त्यागी, यशपाल सिंह शिशोदिया, मदन चौहान अनिरुद्ध सिंह, विनोद गुप्ता, अशोक बब्ली, कपिल, एस.एम. सौदान सिंह, शैलेन्द्र राणावत, विकास शर्मा, राजीव शर्मा, प्रभात अग्रवाल, सुयश वशिष्ठ सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी ब्रजवासियों के प्राण प्यारे हैं गिरिराज गोवर्धन नाथ : महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें दिन व्यासपीठ पर आसीन अखण्ड दया धाम के संस्थापक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी में देश-विदेश से आए सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण, पूतना वध, तृणावर्त, शकटासुर, अघासुर, बकासुर का उद्धार, ऊखल बंधन लीला, माखन चोरी, ब्रह्म मोह, कलिया मर्दन, इंद्र मान मर्दन और गिरिराज गोवर्धन पूजन आदि प्रसंगों की कथा श्रवण कराई।

पूज्य भास्करानंद महाराज ने कहा कि सात कोस में विद्यमान गिरिराज गोवर्धन केवल एक साधारण पहाड़ नहीं हैं बल्कि ब्रज वासियों की रक्षा हेतु ब्रजभूमि में विराजित साक्षात परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के ही स्वरूप हैं। गिरिराज गोवर्धन के रहते ब्रजवासियों पर कभी कोई संकट नहीं आ सकता है, वे हर घड़ी-हर पल उनकी रक्षा को तत्पर रहते हैं।इसीलिए वे सभी ब्रजवासियों के प्राण प्यारे कहे जाते हैं। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि जो भी भक्त-श्रृद्धाकु श्रीगिरिराज गोवर्धन की सच्चे मन से पूजा-अर्चना कर उनकी सप्तकोशी परिक्रमा करते हैं।गिरिराज गोवर्धन नाथ उनके सभी कष्टों का हरण करके उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

# आरएसएस बाल सेवकों ने निकाला बाल पंथ संचलन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के गांव नाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बाल सेवकों द्वारा बाल पंथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण रैली निकालकर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली गांव की विभिन्न गलियों से होती हुई पुनः प्राथमिक विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई।

गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर एक, गांव नाला से बाल पंथ संचलन की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन खंड संचालक रवि कुमार द्वारा किया गया, एवं जिला संपर्क प्रमुख विजय पवार के नेतृत्व में बाल सेवकों ने रैली में भाग लिया। बाल सेवक हाथों में ध्वज लेकर अनुशासनबद्ध ढंग से चलते हुए नारे लगाते रहे और गांववासियों को संस्कार, अनुशासन व सामाजिक एकता का संदेश दिया।

रैली के दौरान बाल सेवकों ने गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए लोगों को जागरूक किया तथा राष्ट्रभक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का भाव जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने भी रैली का स्वागत करते हुए बच्चों के उत्साह की सराहना की।

कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। रैली के समापन पर प्राथमिक विद्यालय परिसर में सभी बाल सेवक एकत्र हुए और कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

आयोजकों ने बताया कि बाल शहीद दिवस के अवसर पर पंथ संचालक का आयोजन किया गया है। इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि वह भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

## पुलिस ने महिलाओ व बालिकाओं को दी गुड टच एवं बैड टच की जानकारी

**उसका/सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 बहू बेटी सम्मेलन व महिला सशक्तिकरण के क्रम में वृहस्पतिवार को थाना उसका बाजार की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम सीतारामपुर में बहू बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओ एवं बालिकाओं को गुड टच तथा बैड टच की जानकारी के साथ महिला की सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## अटल जयंती पर छात्र छात्राएं सम्मानित:निबंध, भाषण और काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** विकास भवन के अंबेडकर सभागार में गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह के तहत अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन, इसके महत्व और उनके जीवन पर आधारित निबंध लेखन, भाषण तथा एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

सांसद जगदंबिका पाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन, चुनौतियों से निपटने की क्षमता और दृढ़ संकल्प पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से वाजपेयी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया, क्योंकि उनका जीवन राष्ट्र को समर्पित था। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर सभी को एक अच्छा नागरिक बनना चाहिए और देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने 2047 तक देश और प्रदेश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संकल्प में सभी की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और सुशासन विषय पर कक्षा 8 से 12 तक आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## सार संक्षेप

### मिशन शक्ति केन्द्र के पुलिसकर्मियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के आदेश में वृहस्पतिवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी व थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केन्द्र के पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में बैठक की गयी। इस दौरान मिशन शक्ति केन्द्रों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनविश्वासकारी बनाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, साथ ही मिशन शक्ति केन्द्रों पर महिला शिकायतकताओं की तुरन्त सुनवाई और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। मिशन शक्ति एक व्यापक और दुरदर्शी पहल हैं, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। बालिकाओं व महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा स्कूल-कालेजों व ग्राम पंचायतों में संवाद स्थापित किया जाए। थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं आनलाइन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।


### डी.एस.एम. लायंस पब्लिक स्कूल में मनाया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस




**वेलकम इंडिया/फतेह खान**

**रुदौली (अयोध्या)।** डी.एस.एम. लायंस पब्लिक स्कूल, रौजागांव में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में केक काटकर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध व भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन व व्यक्तित्व पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. भावना मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सादगी, राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया तथा विद्यालय परिवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ट्रिपल मर्डर में तमंचा व कारतूस उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी ट्रिपल कांड के हत्या आरोपी को कारतूस उपलब्ध कराने वाले आरोपी को पुलिस ने कारतूस सहित गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूक पुत्र दाऊद ने अपनी पत्नी ताहिरा की बुर्का ना पहनने के कारण गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड को अंजाम देते हुए उसकी पुत्री आफरीन व सहरीन ने आरोपी को देख लिया था। आरोपी ने अपनी दोनों बेटियों की भी हत्या कर तीनों शवों को अपने घर के आंगन में गड्ढा खोद कर उसमें दफन कर दिया था। पुलिस ने हत्या आरोपी के पिता व ग्राम प्रधान की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया था। और उसकी निशानदेही पर गड्ढा खुदवा कर तीनों शवों को बरामद कर लिया था। और पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में कारतूस तीन तमंचे बरामद कर जेल भेजा था। पुलिस ने तमंचा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को जेल भेज दिया था। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश कर रही थी।

## यूपीएचसी सीबीगंज में तुलसी पूजन व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** यूपीएचसी सीबीगंज में गुरुवार को सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेई की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों राष्ट्रसेवा नैतिकता और जनकल्याण का स्मरण किया गया। इसके उपरांत तुलसी पूजन एवं स्वास्थ्य पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ. मधु गुप्ता ने तुलसी एवं रोग-प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) पर संक्षिप्त स्वास्थ्य वार्ता की। उन्होंने कहा कि तुलसी अपनाएँ, इम्युनिटी बढ़ाएँ, तुलसी का नियमित एवं वैज्ञानिक उपयोग सर्दी-खांसी, गले के संक्रमण में सहायक है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इस अवसर पर स्टाफ द्वारा भी सक्रिय सहभागिता निभाई गई। सरिता ने तुलसी आस्था भी विज्ञान भी का संदेश दिया। सरस्वती ने अटल विचार तुलसी संस्कार रजनी ने एक तुलसी अटल संकल्प मनु ने स्वस्थ नागरिक सशक्त भारत सूरज ने तुलसी से स्वास्थ राष्ट्र से सेवा तथा मोनू ने हर पौधा राष्ट्र निर्माण जैसे स्लोगन तुलसी गमलों टैग पर लिखे कार्यक्रम में उपस्थित मरीजों ने भी हर घर तुलसी लगाने, पौधों के संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सामूहिक शपथ ली और स्लोगन लेखन में भाग लेकर जन-जागरूकता का संदेश फैलाया।

## भारत-नेपाल सीमा पर चला 'ऑपरेशन ऑल आउट'

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**खुनुवां/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वृहस्पतिवार शाम को 'ऑपरेशन ऑल आउट' चलाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और शोहरतगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने खुनुवां बॉर्डर पर पैदल गश्त की। इस अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की गहनता से जांच की गई। सीमा क्षेत्र के प्रमुख रास्तों, चेक प्वाइंट्स और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती गई। आने-जाने वाले वाहनों को रोककर तलाशी ली गई और यात्रियों के पहचान पत्रों की भी जांच की गई।

पुलिस और एसएसबी के जवानों ने सीमा से सटे गांवों के आसपास भी पैदल गश्त कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने बताया कि 'ऑपरेशन ऑल आउट' का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम करना, अवैध तस्करी पर अंकुश लगाना और आमजन में सुरक्षा का भरोसा स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा खुली होने के कारण निरंतर सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय लोगों से संवाद किया।

उन्होंने नागरिकों से अपील की, कि वे अपने आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है। पुलिस और एसएसबी के इस संयुक्त अभियान से सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया।

## पुलिस ने लावारिस हालत में मिले नवजात शिशु को चाइल्ड लाईन को किया सुपुर्द

**शिवनगर, डिडई/सिद्धार्थनगर।** थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के करही मस्जिदिया में वृहस्पतिवार को मिले एक नवजात शिशु को जिला अस्पताल स्थित चाइल्ड लाईन को सुपुर्द कर दिया है। थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम खैरटिया निवासी ओबैदुल्लाह पुत्र अब्दुल रहमान द्वारा दूरभाष के जरिए सूचना दी गयी कि करही मस्जिदिया के पास मुख्य सड़क के किनारे साफिया पत्नी मो0 हुसैन के दरवाजे के सामने एक नवजात शिशु पड़ा है। इस सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलौली ले जाया गया, उसके बाद चाइल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 पर सूचना दर्ज कराते हुए नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलौली से जिला अस्पताल स्थित चाइल्ड लाईन के हवाले कर दिया गया।

## रंजिशन मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने रंजिश के चलते चार लोगों पर उसके भतीजे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जूठी हुई है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी इलियास पुत्र रईसु ने बताया कि गांव के कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित का भतीजा सलमान बाजार में सामान लेने के लिए गया था जहां पर चार लोगों ने उसको घेर लिया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। किसी तरह वह जान बचाकर घर पर आ गया। आरोपी पीड़ित के घर पहुंचे और उसके भतीजे के साथ वहां पर भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बंदर व आवारा कुत्तों का आतंक दो बालिकाओं पर हमला, घायल

**वेलकम इंडिया**





**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव व कस्बा क्षेत्र में आवारा बंदर और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए हमलों में दो बालिकाएं घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को एंटी रेबीज का टीका लगाया गया।

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरु में गुरुवार सुबह 8 वर्षीय हुनर अपनी छत पर खेल रही थी। इसी दौरान एक बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे बालिका घायल हो गई। बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और डंडों की मदद से बंदर को खदेड़ा। बताया जा रहा है कि गांव गंगेरु में बंदरों का झुंड लंबे समय से उत्पात मचा रहा है और आए दिन ग्रामीणों पर हमला कर नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं दूसरी घटना कस्बे के मोहल्ला रायजादगान की है, जहां 10 वर्षीय नायला ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। रास्ते में एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। बालिका के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने कुत्ते को भगाया और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। दोनों ही मामलों में परिजनों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। नगर व ग्रामीण लोगों का कहना है कि बीते कई महीनों से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा बंदर और कुत्तों का आतंक बना हुआ है। आए दिन लोग इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

## एचटी लाइन विवाद में दूसरे दिन भी जारी रहा धरना




**वेलकम इंडिया**

**■ विधायक से लेकर डीएम तक को दी जा चुकी है शिकायत, फिर भी विद्युत विभाग पर मनमानी के आरोप**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एचटी विद्युत लाइन बिछाने को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में दूसरे दिन भी सैकड़ों लोगों ने धरना देकर विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। बताया गया कि बीते करीब एक माह से विद्युत विभाग कस्बे के उत्तरी विकास नगर के निवासियों के बीच लाइन खींचने को लेकर विवाद बना हुआ है।

विगत बुधवार को विद्युत विभाग की टीम मोहल्ले में पहुंचकर जबरन कार्य शुरू कराने लगी, जिस पर मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया। धरने में पूर्व चेयरमैन दीपा पंवार भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि एचटी लाइन को किसी भी हाल में आबादी वाली गली से नहीं गुजरने दिया जाएगा और जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा। मामले को लेकर पूर्व में राष्ट्रीय लोकदल के विधायक प्रसन्न चौधरी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत तथा शिकायतकर्ता जिलाधिकारी शामली से भी मुलाकात कर चुके हैं। सभी स्तरों पर समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बावजूद विद्युत विभाग पर मनमानी रवैया अपनाने और जबरन लाइन डालने का प्रयास करने के आरोप लगाए गए हैं, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

## सांसद खेल महोत्सव का समापन : खेल में जीत-हार स्वाभाविक : संजय सिंह

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का समापन गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय सिंह श्रीनेत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन समारोह में डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल, ओएन सिंह, डीएम शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, एसपी अग्रवाल तथा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गोविन्द माधव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

समापन कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पोरबंदर (गुजरात) से लाइव प्रसारण जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

मुख्य अतिथि संजय सिंह श्रीनेत का स्वागत सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। वहीं एसपी अग्रवाल ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसका बाजार की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर के बच्चों द्वारा योग का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसे खूब सराहा गया। संजय सिंह श्रीनेत ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयास और सांसद डुमरियागंज की पहल प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार स्वाभाविक है, लेकिन जो खिलाड़ी अंत तक मैदान में डटा रहता है वही सच्चा खिलाड़ी होता है।

उन्होंने मिल्खा सिंह, नीरज चोपड़ा और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से 10 लाख रुपए का फंड तैयार किया जा रहा है, जिससे जनपद और मंडल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। जगदम्बिका पाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों से यह आयोजन लगातार हो रहा है और अब 10 लाख रुपए का कॉर्पस फंड बनाकर पूरे वर्ष खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही जनपद में खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल के निर्माण की भी योजना है।

डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं और प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश को नई खेल प्रतिभाएं मिल रही हैं। पूर्व जिलाधिकारी ओ.एन. सिंह, सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल और नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट सांस्कृतिक और योग प्रस्तुति देने वाले बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से अलंकृत अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर अटल चौक, गोविंदपुरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिमा पर चैनपाल सिंह (जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी) के साथ विनोद वैशाली चेयरमैन नगर पालिका परिषद मोदीनगर ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक युगद्रष्टा, संवेदनशील कवि और राष्ट्रनिमार्ता थे। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतंत्र की मजबूती और मानवीय मूल्यों की रक्षा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि अटल जी का विराट व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णय आज भी देशवासियों को प्रेरणा प्रदान करते हैं।कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, विधायक प्रतिनिधि करणवीर, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, जितेंद्र चित्तौड़ा, नितिन मित्तल, अमितेज जैन, मयंक शर्मा, आदित्य बॉबी (सभासद), सोनू चौधरी (सभासद), संजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने श्रद्धेय अटल जी की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर कलाकारों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष पर राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष द्वारा कलाकारों को सम्मानित को सम्मानित किया गया। गैलेड बिल्डिंग स्थित मोदी आईफा आर्ट गैलरी में राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ( संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश), आई. एन. एम. पीजी कॉलेज मेरठ एवं आईफा मोदीनगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी के तीसरे दिन के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा( अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भारत रत्न, अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह एवं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी की संयोजका,सदस्य (राज ललित कला अकादमी लखनऊ) डॉ. दिशा दिनेश एवं आईफा स्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को गले में शॉल डालकर, स्मृति प्रतीक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी ) द्वारा संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा को प्रतीक चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रदर्शनी दीघा का अवलोकन कर कलाकारों से उनकी प्रदर्शित कलाकृतियां के बारे में विचार विमर्श किया एवं निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ कलाकृति हेतु मेघा दीक्षित( आईफा), डॉ. परविंदर कुमार तिवारी (मेरठ) वासु त्यागी( सरधना) को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं रुपए 5000 नगद देकर सम्मानित किया।आईफा संस्थान के छात्र-छात्राएं सिद्धार्थ गौतम, मेघा दीक्षित, आदित्य, हर्षित एवं हिमांशु द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के पोर्ट्रेट बनाकर मुख्य अतिथि को भेंट किए। मुख्य अतिथि ने छात्रों को आभार एवं आशीर्वाद दिया।डॉ. संघर्ष शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा एवं आईफा की छात्रा पिंकी द्वारा देशभक्ति पर ओजस्वी कविता सुनाकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। आज के दिन प्रदर्शनी को देखने के लिए कला प्रेमी, कलाकारछात्र-छात्राएं ,अभिभावक , कला शिक्षकों की अपार भीड़ थी इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, प्रीति शर्मा, डॉ. रूचि विद्यार्थी, अवनी, प्रशांत झा, स्वीटी, शीतल, दीपांशु , हिमांशु, पलक , आभा शर्मा, आदि का विशेष योगदान रहा।

# वैश्विक मार्गदर्शन के लिए इंपैक्ट किड्स यूएसए के मेंटर्स का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में स्वागत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में इंपैक्ट किड्स के सहयोग से एक विशेष शैक्षणिक एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैश्विक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता, तर्कशील सोच तथा प्रभावी संवाद कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम में यूएसए इंपैक्ट किड्स की संस्थापक सुश्री आध्या गुप्ता तथा सह-संस्थापक श्रीआर्या चंद्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ डिबेटिंग क्लब के सम्मानित मेंटर्स ने विद्यार्थियों को विचारों की स्पष्टता, आत्मविश्वास पूर्ण अभिव्यक्ति तथा तार्किक चिंतन के महत्व से अवगत कराया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रवर्तक अंकुर गुप्ता एवं मधुप चंद्रा की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिनके सहयोग से इस शैक्षणिक पहल को सशक्त आधार प्राप्त हुआ। सुरेविन फाउंडेशन सोसाइटी के वरिष्ठ गणमान्य सदस्य हरिश्चंद,श्रीमती पुष्पा चंद्रा एवं श्रीमती कल्पना द्वादश श्रेणी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने अपने प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत करते उन्होंने कहा नेतृत्व केवल अधिकार का नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व का प्रतीक है। विद्यार्थियों को वैश्विक नागरिक बनते हुए नैतिक मूल्यों, रचनात्मक सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समाज में योगदान देना चाहिए। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने, निरंतर सीखते रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता, डॉ. शिखा दरबारी तथा डॉ. रीता वार्ष्णेय की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। विशेष रूप से सभी ने कार्यक्रम के दौरान इंपैक्ट किड्स टीम के सभी सदस्यों, डिबेटिंग क्लब के मेंटर्स को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। साथ ही इस अवसर पर सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान अब तक विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का मनोबल और अधिक बढ़ा।आज के कार्यक्रम में अंतर विद्यालय क्यूब फेस्ट का भी आयोजन किया गया, जिसमें अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रोमांचक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के शैक्षणिक स्तर एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रमाण है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद कर सीखने के नए आयामों को समझा तथा नेतृत्व, टीमवर्क और प्रभावी संप्रेषण कौशल का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, मेंटर्स, शिक्षकों एवं सहयोगकताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक एवं नेतृत्व विकास से जुड़े कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# मोदी कॉलेज के छात्र को निबंध लेखन प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के कक्षा 10 के छात्र अखिलेश कुमार कंसल को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश शासन और जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा सम्मानित किया गया। गाजियाबाद में आयोजित एक समारोह में गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल आई ए एस और जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा छात्र को 5000 का चेक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल विद्यालय के हिंदी के शिक्षक महानंद सिंह उपस्थित थे।प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि 22 दिसंबर को यह निबंध लेखन प्रतियोगिता गाजियाबाद में आयोजित की गई थी। जिसमें अखिलेश कुमार कंसल ने जिले में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उल्लेखनीय है कि यह छात्र पिछले वर्ष भी जनपद में द्वितीय स्थान पर रहा था उस समय भी उत्तर प्रदेश शासन और जिला प्रशासन द्वारा छात्र को 3000 का चेक देकर सम्मानित किया गया था।यह छात्र भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भी जिले में मेरिट पर रहता है। इस छात्र को प्रेरित करने में विद्यालय की शिक्षिका डॉक्टर पूनम वशिष्ठ और महानंद का सहयोग सराहनीय रहा है। तहसील स्तर की प्रतियोगिता में भी इस छात्र ने प्रथम स्थान प्रकार विद्यालय का नाम रोशन किया था।

मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय द्वारा शासन प्रशासन द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई दी और भविष्य में भी छात्रों को इसी तरह प्रेरित करने और प्रधानाचार्य को और अधिक ऊजार्वान रहने के लिए प्रेरित किया।

# कस्बा निवाड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर नगर पंचायत निवाड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्श एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी, भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री किसान मोर्चा, संजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी, मांगेराम निषाद सभासद नगर पंचायत, कपिल बॉस राकेश त्यागी निशांत शर्मा आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने की सीख ली।

# अटल बिहारी वाजपेई की जयंती समापन समारोह




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के विकास भवन के सभागार में मान्य जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर व मान्य विधायक सदर विजयपाल आढती की अध्यक्षता में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती समापन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व मान्य जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक सदर एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई जी की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मा0 विधायक सदर ने बोलते हुए कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। वाजपेयी जी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे और देश के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे।

# नींव द स्कूल में नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नींव द स्कूल में नन्हे मुन्ने छात्रों के लिए क्रिसमस एवं तुलसी दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रबंधक अमित अग्रवाल डायरेक्टर डॉक्टर अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती रोमी शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।इसके पश्चात सभी ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर तुलसी दिवस के उपलक्ष में तुलसी पूजन किया। पूजन के पश्चात सांता क्लास बनकर आए हुए छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अद्भुत नृत्य एवं गायन कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक अमित अग्रवाल से उपहार पाकर सभी छात्र-छात्राएं बेहद खुश थे। नींव द स्कूल आशा करता है कि सभी छात्र छात्राएं इसी तरह खुशी पूर्वक अपने जीवन में हर छोटे बड़े पलों को मनाते हुए आगे बढ़े एवं अपनी संस्कृति से जुड़े रहें।

# डीएम ने विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद के विभिन्न बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) की प्रगति एवं गुणवत्ता का सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिलाधिकारी द्वारा विधानसभा खलीलाबाद अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बघौली बूथ संख्या 492, 493 व 494 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ परमात्मा प्रसाद, दुर्गावती देवी व देवेंद्र चौधरी उपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय बालूशासन के बूथ संख्या 485 व 486 का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान बीएलओ उपस्थित पाए गए।

प्राथमिक विद्यालय कोपमाफी के बूथ संख्या 433 व 434 का निरीक्षण किया गया, बीएलओ धर्मवीर व अंजली गुप्ता उपस्थित रहे। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदी के बूथ संख्या 440, 441 व 442 का निरीक्षण के दौरान बीएलओ प्रदीप कुमार, प्रतिभा त्रिपाठी व सरोज त्रिपाठी उपस्थित पाए गए।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति एवं यथार्थता का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में अपराह्न 02.00 बजे के बाद घर-घर जाकर एएसडी के सत्यापन हेतु मतदाता सूची को पढ़कर सुनाएंगे/बताएंगे तथा छूटे हुए पात्र मतदाताओं को प्रपत्र-06 भरवाकर नियमानुसार बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करेंगे।

# महाराष्ट्र में चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार, सात लाख बरामद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** दुधारा व महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। दुधारा थाना हे0का0 दुर्गेश भारती, का0 भीम कुमार व

महाराष्ट्र पुलिस टीम (थाना कल्याण तालुका, जनपद ठाणे) के उ0नि0 विजय साहेब राव डाखोरे, पीसी पीएन झांजे, पीसी खिल्लारे ने मुखबिर की सूचना पर महाराष्ट्र पुलिस के द्वारा थाना कल्याण तालुका (जनपद ठाणे, हाराष्ट्र) में पंजीकृत मु0अ0सं0 709/2025, धारा 305(उ) एवं 3(5) इठर से संबंधित अभियुक्त की तलाश में महाराष्ट्र पुलिस की टीम जनपद संतकबीरनगर पहुँची थी।

प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा के दिशा निर्देशन मे थाना स्थानीय की पुलिस के सहयोग एव महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त मुकदमे से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मकसूद अख्तर पुत्र अख्तर हुसैन ग्राम पुरवा, थाना दुधारा, जनपद संतकबीरनगर (उ0प्र0) को अलकमा ढाबा च्यूटना से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सात लाख रूपया बरामद की किया गया। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि अभियुक्त द्वारा महाराष्ट्र में कार्य करने के दौरान अपने सेठ का 11 लाख रुपया चोरी कर लिया था और चोरी करके पैसा लेकर छुपाने के इरादे से थाना दुधारा क्षेत्र के अपने गांव में आकर रह रहा था महाराष्ट्र पुलिस द्वारा उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत किया गया था एवं उसकी बरामद की गिरफ्तारी के हेतु जनपद संत कबीर नगर पुलिस से संपर्क किया गया पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश में थाना स्थली के माध्यम से संयुक्त टीम बनाकर अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी की गई एवं उसके कब्जे से चोरी के साथ लख रुपए बरामद किए गए।

# स्व० राजेन्द्र त्यागी लोकतंत्र सेनानी की 25 वी पुण्यतिथि पर लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कस्बा निवाड़ी निवासी स्व० राजेन्द्र त्यागी (नेता जी) की 25 वी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिक, सामाजिक धार्मिक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व० राजेन्द्र त्यागी की 25 वी पुण्यतिथि पर कस्बा निवाड़ी स्थित फार्म हाऊस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा से पूर्व हवन यज्ञ किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिक सामाजिक धार्मिक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व० राजेन्द्र त्यागी (नेता जी) लोकतंत्र सेनानी, पत्रकार (असली भारत, किसान ट्रस्ट) ने निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद केसी त्यागी कस्बा निवाड़ी नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल त्यागी भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी, मोदीनगर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, गन्ना समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र राजन, रालोद के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह बिड्डी, पूर्व अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, भाजपा के वरिष्ठ नेता सतेंद्र त्यागी, यतीश त्यागी, अमित त्यागी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेश नेहरा उर्फ मिंटू नेहरा, सुनील शर्मा, चांदवीर चौधरी, नीरज प्रजापति, किसान नेता हरेंद्र नेहरा, सुरेंद्र त्यागी आदि गणमान्य लोग रहे। स्वर्गीय राजेंद्र त्यागी के सुपुत्र चन्द्रशेखर त्यागी (पत्रकार), श्याम सुन्दर त्यागी एवं परिजनों ने श्रद्धांजलि सभा में पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## श्री अटल बिहारी वाजपेई जी जन्मदिवस पर

# गाजियाबाद के सभागार में जनपद स्तरीय काव्य पाठ, भाषण, निबंध, प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण किया







**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विचारों के संवाहक, मूल्यों के प्रहरी, लोकतंत्र के सच्चे साधक, अति विशिष्ट भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष (दिनांक 25 दिसंबर 2024 से दिनांक 25 दिसंबर 2025 तक) की उपलक्ष्य में शासन के निदेर्शानुसार आज दिनांक 25/12/2025 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विजय नगर, गाजियाबाद के सभागार में जनपद स्तरीय काव्य पाठ, भाषण, निबंध, प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम एवं श्री अटल बिहारी वाजपेई जी जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लाह से किया गयो कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए माननीय विधायक व मुख्य अतिथि श्री संजीव शर्मा जी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल जी, मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गुप्ता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र शर्मा ने माँ सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में लाइव प्रसारण भी देखा गया। सभी ने अटल जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उपस्थित जनों को अपने संबोधन एवं कविताओं द्वारा अटल बिहारी वाजपेई जी के योगदानो का स्मरण करायो भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की उपलब्धियां से परिचित कराने हेतु सुशासन के महत्व विषय पर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रमुख कविताओं पर आधारितद्द एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताद्द में विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि श्री संजीव शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गुप्ता, महा नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री मयंक गोयल जी द्वारा क्रमशःरू 10 000/ 5000,/एवं 2500/ की राशि का चेक प्रदान कियो जनपद स्तर के भाषण एवं काव्य पाठ के विजेता छात्र-छात्राओं ने अपने ओजपूर्ण भाषण एवं कविताओं को यहां पर मुख्य अतिथि के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया ठाकुर द्वारा पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने देश भक्ति पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, नंदग्राम गाजियाबाद की छात्रा चेतन कोरंगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शंभू दयाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की सफलता तथा वीएमएलजी महाविद्यालय की हर्षिता गौड़ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में एम एम एच कॉलेज के धीरज बहुगुणा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। गिन्नी देवी मेमोरियल कॉलेज की कनिका शर्मा, द्वितीय एवं शंभू दयाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की कोमल तृतीय स्थान पर रहीं सभी को चेक राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं कों प्रोत्साहित किया इस कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रोफेसर संगीता गुप्ता, प्रधानाचार्य जीजीआईसी विजयनगर एवं अन्य सभी का प्रमुख योगदान रहो अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुओ इस कार्यक्रम में गाजियाबाद जनपद के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नोएडा टेंडर घोटाला: सीबीआई कोर्ट में सुनवाई फिर टली, यादव सिंह समेत 11 आरोपी नामजद

**गाजियाबाद।** नोएडा प्राधिकरण के बहुचर्चित टेंडर घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई बुधवार को टल गई। अदालत में इस प्रकरण में दो जनवरी को अगली सुनवाई होगी। बुधवार को मामले में नोएडा प्राधिकरण के जनरल मैनेजर आर.पी. सिंह की गवाही दर्ज होनी थी, लेकिन उनके अदालत में उपस्थित न होने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। यह मामला वर्ष 2011 में सामने आए नोएडा प्राधिकरण टेंडर घोटाले से जुड़ा है, जिसने उस समय प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में हलचल मचा दी थी। प्रकरण उजागर होने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मामले की विस्तृत जांच की थी। जांच के दौरान तत्कालीन नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी यादव सिंह पर आरोप लगा था कि उन्होंने अपनी चहेती फर्मों को नियमों की अनदेखी करते हुए बिना टेंडर प्रक्रिया के बड़े पैमाने पर निर्माण एवं विकास कार्य आवंटित किए।

## आरपीएफ पुलिस टीम द्वारा आरसीआई के साथ मिलकर चिल्ड्रन सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन




**वेलकम इंडिया**

गाजियाबाद आरपीएफ स्टेशन प्रभारी चेतन शर्मा ने रेलवे चिल्ड्रन इंडिया टीम के साथ मिलकर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर चिल्ड्रन सेफ्टी के लिए एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिस प्रोग्राम की मदद से यात्रियों को बच्चों की सुरक्षा के लिए किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए के बारे में जागरूक किया गया। रेलवे स्टेशन पर अक्सर बच्चा चोरी होने या सामान चोरी होने जैसी घटनाएं देखने को मिलती हैं इन घटनाओं से बचाव के लिए यात्रियों को किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए और इस तरह की घटना कार्य करने वाले लोगों की पहचान किस तरह की जाती है इस बारे में प्रोग्राम करने वाली टीम ने यात्रियों को बताया। इस मौके पर आरपीएफ थाना प्रभारी चेतन शर्मा सीआरपीएफ थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा सब इंस्पेक्टर आरपीएफ पंकज कुमार व अन्य रेलवे पुलिसकर्मी रेलवे चिल्ड्रन इंडिया की टीम के साथ मौजूद रहे।

## महामना और अटल: राष्ट्र निर्माण के दो युगपुरुषों को भावपूर्ण नमन, राष्ट्रवाद और लोकतंत्र पर हुआ मंथन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय इतिहास के ऐसे दो महान व्यक्तित्व हैं, जिनके विचार, कार्य और आदर्श आज भी राष्ट्र को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। महामना मालवीय जी भारत के पहले और अंतिम ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्हें 'महामनाऱ्की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया, वहीं अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनमें एक साथ प्रखर राजनीतिज्ञ, ओजस्वी वक्ता, संवेदनशील कवि, साहित्यकार, पत्रकार और निःस्वार्थ समाजसेवी का समन्वय दिखाई देता है। इन्हीं महान विभूतियों की जयंती के शुभ अवसर पर गाजियाबाद के राजनगर स्थित दुर्गा टावर, आरडीसी में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में एक भव्य वैचारिक





कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा 'हनुमानऱ्ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन, दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में बी.के. शर्मा 'हनुमानऱ ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय जी का जन्म 25 दिसंबर 1861 को इलाहाबाद में हुआ था। उन्होंने पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृभाषा और भारत माता की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि महामना मालवीय जी का दृढ़ विश्वास था कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है, जब देश का नागरिक शिक्षित और चरित्रवान हो। उन्होंने 1887 से 'हिन्दुस्तानऱ पत्र का संपादन कर जनजागरण का कार्य किया और बाद में 'हिन्दुस्तान टाइम्सऱ से भी जुड़े। 12 नवंबर 1946 को उनका निधन हो गया, वे स्वतंत्र भारत को देखने से वंचित रह गए, किंतु 2014 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देकर राष्ट्र ने उनका ऋण स्वीकार किया। अटल बिहारी वाजपेयी जी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अटल जी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ। उनके पिता कृष्णबिहारी वाजपेयी स्वयं हिन्दी और ब्रज भाषा के सिद्ध कवि थे, जिससे अटल जी को काव्य प्रतिभा विरासत में मिली। उन्होंने पत्रकारिता से अपने करियर की शुरूआत की और राष्ट्रधर्म, पांचजन्य तथा वीर अर्जुन जैसे पत्रों का संपादन किया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ और 1951 में जनसंघ से जुड़कर उन्होंने पत्रकारिता को त्याग दिया।

## अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष पर राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष द्वारा कलाकारों को किया सम्मानित


**वेलकम इंडिया**






**गाजियाबाद।** गैलेड बिल्डिंग स्थित मोदी आईफा आर्ट गैलरी में राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ( संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश), आई. एन. एम. पीजी कॉलेज मेरठ एवं आईफा मोदीनगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी के तीसरे दिन के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा( अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भारत रत्न, अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह एवं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी की संयोजका/ सदस्य (राज ललित कला अकादमी लखनऊ) डॉ. दिशा दिनेश एवं आईफा स्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को गले में सोल डालकर, स्मृति प्रतीक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रदर्शनी दीघा का अवलोकन कर कलाकारों से उनकी प्रदर्शित कलाकृतियां के बारे में विचार विमर्श किया एवं निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ कलाकृति हेतु मेघा दीक्षित( आईफा), डॉ. परविंदर कुमार तिवारी, वासु त्यागी को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं ?15000 नगद देकर सम्मानित किया। अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर आईफा संस्थान के छात्र सिद्धार्थ गौतम, मेघा दीक्षित, आदित्य, हर्षित एवं हिमांशु द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के पोर्ट्रेट मुख्य अतिथि को भेंट भेंट किए मुख्य अतिथि ने छात्रों को आभार एवं आशीर्वाद दिया। वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर डॉ. संघर्ष शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा एवं आईफा की छात्रा पिंकी द्वारा देशभक्ति पर ओजस्वी कविता सुनाकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया आज के दिन प्रदर्शनी को देखने के लिए कला प्रेमी, कलाकार छात्र-छात्राएं, अभिभावक, कला शिक्षकों की अपार भीड़ थी।

## अत्याधुनिक तकनीक से लैस 'सिंघम' और 'इवान' ने की बाजार में एंट्री, गुणवत्ता और प्रदर्शन के नए मानदंड तय करने का दावा



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** देश के भरोसेमंद और स्थापित कूलिंग ब्रांड समरकूल ने अपने एयर कूलर पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए दो नए और अत्याधुनिक मॉडल 'सिंघम' और 'इवान' को औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। इससे पहले भी समरकूल के अनेक एयर कूलर मॉडल बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना चुके हैं और उपभोक्ताओं के बीच व्यापक विश्वास प्राप्त कर चुके हैं।

नए मॉडलों की लॉन्चिंग के साथ समरकूल ने एक बार फिर कूलिंग इंडस्ट्री में अपनी नवाचार क्षमता और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। लॉन्चिंग अवसर पर समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि समरकूल पिछले 33 वर्षों से देशभर में अपनी बेहतरीन गुणवत्ता, टिकाऊ उत्पादों और उपभोक्ता संतुष्टि के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नंबर वन ब्रांड बनने के बाद अब समरकूल, आईएसआई मार्क के साथ, देशभर में नंबर वन बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के निरंतर विश्वास और कंपनी की गुणवत्ता नीति का परिणाम है। श्री गुप्ता ने बताया कि समरकूल के नए एयर कूलर मॉडल 'सिंघम' और 'इवान' को आधुनिक तकनीक और उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इन कूलरों में बेहतर एयर थ्रो, ऊर्जा दक्षता, मजबूत बॉडी और उच्च प्रदर्शन जैसी विशेषताओं को शामिल किया गया है, जिससे यह गर्मी के मौसम में प्रभावी और किफायती कूलिंग समाधान प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि ये दोनों मॉडल अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और गुणवत्ता के दम पर बाजार में बिक्री के नए मानदंड स्थापित करेंगे। समरकूल के चेयरमैन ने देशभर के उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राहकों के भरोसे और समर्थन के कारण ही आज समरकूल ब्रांड की पहुंच हर घर तक संभव हो पाई है।

## 25 दिसंबर की सुबह एक्टिव नोएडा क्रिसमस रन का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाजिाबाद।** 25 दिसंबर, क्रिसमस डे की सुबह 5:30 बजे डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक्टिव नोएडा क्रिसमस रन (7वां संस्करण) का सफल आयोजन पिकू स्पोर्ट्स के डायरेक्टर दीपक मेहरा के मार्गदर्शन में किया गया। इस विशेष आयोजन में लगभग 50 धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह रन डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया से प्रारंभ होकर परी चौक, ग्रेटर नोएडा तक आयोजित की गई। रन का उद्देश्य फिटनेस के साथ-साथ समाज सेवा का संदेश देना था। दौड़ के दौरान धावकों ने मार्ग में स्थित निर्माण स्थलों पर कार्यरत जरूरतमंद लोगों को कंबल तथा बच्चों को चॉकलेट वितरित की जिससे आयोजन सामाजिक सरोकार से जुड़ा रहा। दौड़ पूर्ण करने के बाद सभी प्रतिभागियों को मेडल और रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देते हैं। एक्टिव नोएडा क्रिसमस रन ने क्रिसमस की सुबह को फिटनेस और सेवा के रंग में रंग दिया।

